


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 01 अंक : 142 | रांची, सोमवार, 06 मई, 2024 (वैशाख कृष्ण 13, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## झारखंड में आज से होगी बारिश, कल पड़ेंगे ओले

प्रात: नागपुरी संवाददाता, रांची



झारखंड का मौसम 6 मई को बदल जाएगा। बारिश होगी। आंधी चलने के साथ वज्रपात भी होगा। राज्य के कई जिलों में 7 मई को ओला पड़ने की आशंका है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र ने 5 मई, 2024 को दी।

**तापमान में गिरावट होगी :** मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद अगले 2 से 3 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

**आज से यहां होगी बारिश :** केंद्र के अनुसार 6 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में पड़ने की संभावना है। इसी तरह 7 से 9 मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। राज्य में कुछ स्थानों पर 10 मई को भी बारिश होगी। 11 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

**आज यहां चलेगी लू :** राज्य में 6 मई को सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा और पलामू जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं गर्म और उमस की स्थिति देखी जा सकती है।

**आज से आंधी-वज्रपात संभव :** केंद्र के अनुसार 6 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की स्पीड 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में पड़ने की संभावना है। इसी तरह 7 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा के झोंके के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है।

राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य- और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इस दौराव हवा की स्पीड 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है।

शेष पेज 08 पर

## नीट-यूजी का पेपर लीक, पटना पुलिस ने 5 को हिरासत में लिया



- एक-एक कैंडिडेंट्स के लिए 40 लाख तक हुआ था डील, एफआईआर दर्ज

पटना। नीट-यूजी परीक्षा रविवार को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का पेपर लीक करने के संदेह में पुलिस ने पटना से पांच लोगों को रविवार की देर शाम उठा लिया। इस संबंध में पटना के एसएसपी राजवी मिश्रा ने बताया कि नीट यूजी 2024 प्रश्न पत्र लीक मामले में पटना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नीट परीक्षा में धांधली की जा रही है। इसी के आधार पर टीम बना कर पटना में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गयी और पांच लोगों को उठा लिया। सभी से पूछताछ चल रही है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। देर रात तक कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी जारी है।

सूत्रों की मानें, तो सिकंदर यादव समेत चार लोगों को केंद्रीय जांच एजेंसी ने उठाया है। ये सभी लोग नीट यूजी पेपर लीक कराने की कोशिश कर रहे थे। इसी आधार पर इन सभी को जांच एजेंसी ने उठाया है। इन सभी लोगों के पास से जो भी कागजात मिले, उसकी भी जांच की जा रही है। वहीं, सूत्रों ने कहा कि पटना में कई सेंटरों पर स्कॉलर को बैठाया गया था। सॉल्वर गैंग के पास पहले से ही नीट यूजी के प्रश्न पत्र मौजूद थे। लगातार प्रश्न पत्र कई स्टूडेंट्स को रटाया गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद एनटीए ने स्वयं एक नोटिस जारी कर कहा कि नीट यूजी परीक्षा के दौरान राजस्थान के सवाई माधोपुर स्थित गर्ल्स हायर सेकेंडरी आदर्श विद्या मंदिर, मानटाउन परीक्षा केंद्र के अधीक्षक द्वारा नीट प्रश्न पत्र गलत तरीके से वितरित किया गया था। जिसकी वजह से कुछ आक्रोशित अभ्यर्थी पर्यवेक्षकों द्वारा रोके जाने के बावजूद जबरदस्ती नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर आ गए। एनटीए का कहना है कि परीक्षा केंद्र से प्रश्नपत्र बाहर आने से बाकी परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षा की अखंडता पर प्रभाव नहीं पड़ा है। सूत्रों की मानें, तो नीट यूजी पेपर लीक कराने वाले गिरोह ने एक-एक कैंडिडेट्स से 40-40 लाख रुपये तक वसूले थे। कई कैंडिडेंट्स ने 20 लाख रुपये दिये। प्रश्न-पत्र रटाने का काम पटना के विभिन्न लॉज में किया गया। पुलिस ने सुबह ही कंकड़बाग इलाकों में छापेमारी की थी, जहां प्रश्न पत्र मिलने की बात सामने आयी है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों को काफी सवाल किये, जिसमें कई जिलों में प्रश्न-पत्र बांटने की बातें सामने आयी हैं। बिहार के 35 जिलों में सेंटर बनाये गये थे। इन सभी जिलों का लिस्ट पुलिस तैयार कर रही है, जहां सॉल्वर गैंग ने अपने आदमी से प्रश्न पत्र भेजे हैं और किन-किन कैंडिडेंट्स को कहां प्रश्न पत्र रटाया गया है, वहां पुलिस पहुंच रही है।

### संक्षिप्त

#### तीसरे चरण के चुनाव के लिए थमा प्रचार

- कल 12 राज्यों की 94 सीटों पर होगी वोटिंग

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के तहत 12 राज्यों की 94 सीटों के लिए चुनाव प्रचार रविवार शाम छह बजे थम गया। इन सीट पर सात मई यानी मंगलवार को मतदान होगा। इस चरण में जिन सीट पर चुनाव होंगे, उनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, असम की चार और गोवा की दो सीटों के चुनाव शामिल हैं।

#### यशस्विनी सहाय आज दाखिल करेंगी पर्चा

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित काँग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय आज नामांकन करेंगी । इस दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय भी उपस्थित रहेंगे। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भव्य जुलूस यात्रा के साथ नामांकन करने पहुंचेंगी। तय कार्यक्रमों के मुताबिक वे 11:30 नामांकन समाहरणालय भवन में नामांकन कर 12 बजे बापू वाटिका मोराबादी में बापू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर रांची लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को संबोधित करेंगी ।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र

#### मथुरा प्रसाद महतो और सीपी चौधरी आज करेंगे नामांकन

**गिरिडीह।** गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सीपी चौधरी सोमवार 06 मई को अपना नामांकन करेंगे।

शेष पेज 08 पर

### इटावा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा

## एससी-एसटी व पिछड़ों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस

- हमारे तो बच्चे हैं नहीं, हम खप रहे हैं आपके बच्चों का भविष्य बनाने के लिए

एजेंसियां, इटावा (उत्तर प्रदेश)



पीएम 12 और 16 मई को आएंगे झारखंड, करेंगे जनसभा पेज-08

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तूफानी दौरे के रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा पहुंचे। यहां तीसरे चरण में वोटिंग होनी है। पीएम मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं को रैली में आड़े हाथों लिया। पीएम मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस वाले अपने बच्चों के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि मोदी और योगी आपके बच्चों के लिए, आपके बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

जनसभा में आई भीड़ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 1,000 साल के लिए सशक्त हो, मोदी उसकी नींव तैयार कर रहा है। मोदी ये सब इसलिए कर रहा है, क्योंकि मोदी रहे या न रहे, देश हमेशा रहेगा।

शेष पेज 08 पर

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे पीएम

**अयोध्या।** रविवार को पीएम मोदी अयोध्या पहुंचकर राम लला के दर्शन किये। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पीएम मोदी अयोध्या पहुंचे। रामलला की पूजा के बाद पीएम मोदी ने मेगा रोड शो किया। रोड शो के दौरान 75 जगहों पर पीएम मोदी का स्वागत किया गया। पीएम मोदी का रोड शो राम मंदिर मेन गेट से राम पथ होते हुए लता मंगेशकर चौक तक पहुंचा। रोड शो के दौरान 75 जगहों पर पीएम मोदी का स्वागत किया गया। रथ पर प्रधानमंत्री के साथ सीएम योगी भी मौजूद थे। रोड शो के दौरान लोगों ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह पर उनके ऊपर फूलों की बरसात की गई।



- मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में किए रामलला के दर्शन
- रोड शो के दौरान 75 जगहों पर प्रधानमंत्री का हुआ स्वागत

शेष पेज 08 पर

## सीबीआई ने घूस लेते ईसीएल के उपमहाप्रबंधक को किया गिरफ्तार

- ड्यूटी बदलने के एवज में ले रहा था 20 हजार की रिश्वत

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि, धनबाद

सीबीआई ने 20 हजार रुपए रिश्वत लेते ईसीएल (इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) मुगमा एरिया की हरियाजम कोलियरी (सीबीएच ग्रुप ऑफ माइंस) के उपमहाप्रबंधक को गिरफ्तार किया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीबीआई ने इसकी जानकारी दी है। सीबीआई ने आरोपी उपमहाप्रबंधक के खिलाफ एक मई 2024 को मामला दर्ज किया था। ईसीएल के मुगमा एरिया की हरियाजम कोलियरी के उपमहाप्रबंधक पर आरोप है कि काम के एवज में आरोपी ने 75 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

**ड्यूटी बदलने के एवज में मांगी थी रिश्वत :** शिकायतकर्ता 2006 से ईसीएल के मुगमा क्षेत्र में सीबीएच ग्रुप ऑफ माइंस की हरियाजाम कोलियरी में जनरल मजदूर के रूप में काम कर रहा था। 2011 के दौरान एक दुर्घटना हुई और इस तरह वह 50 फीसदी दिव्यांग हो गया। इस संबंध में धनबाद के सिविल सर्जन ने 2012 में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया था। शुरू में वह अपनी भूमिगत ड्यूटी कर रहा था, लेकिन जब वह 50 फीसदी तक दिव्यांग हो गया, तो शिकायतकर्ता ने आरोपी से सतह पर अपनी ड्यूटी बदलने का अनुरोध किया, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। इसके एवज में रिश्वत की मांग की।

**रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार :** शिकायतकर्ता ने सांसद से इस संबंध में आग्रह किया, तो आरोपी उपमहाप्रबंधक ने प्राधिकार पत्र संख्या 489 16 मार्च 2024 को जारी किया।

शेष पेज 08 पर

## मानकी-मुंडा व्यवस्था काफी मजबूत, इसे खत्म करने पर तुले हैं प्रधानमंत्री : चंपाई

- वन अधिकार कानून को खत्म करना चाह रही है केंद्र की मोदी सरकार

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि, प. सिंहभूम




झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को पश्चिमी सिंहभूम में जनसभा को संबोधित किया। मझगांव व मंझारी में चुनावी जनसभा कर उन्होंने बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोला। जनसभा में सिंहभूम संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहीं इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा मांझी को विजयी बनाने का आह्वान किया।

**सिर्फ जुमलेबाजी कर रहे हैं पीएम :** मुख्यमंत्री चंपाई ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों से प्रधानमंत्री सिर्फ जुमलेबाजी कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने 10 वर्षों से झारखंड की जनता को धोखा दिया है। झारखंड के आदिवासी-मूलवासी राज्य के मालिक हैं। यहां की मानकी-मुंडा व्यवस्था काफी मजबूत है, पर देश के प्रधानमंत्री इसे खत्म करने पर तुले हैं। यह कोल विद्रोह की धरती है।

**जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की :** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में जल, जंगल, जमीन आदिवासियों की है, लेकिन केंद्र सरकार वन अधिकार कानून को खत्म करना चाह रही है। भाजपा को आदिवासी बोलने पर हिचक होती है। इसे भाजपा झारखंड की जगह वनांचल कहती है। पश्चिमी सिंहभूम के नोवामुंडी, जामदा, किरीबुरु की खनिज संपदा को बेचकर अपनी संपत्ति बताती है। खनिज संपदा से राज्य का विकास होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार अपना विकास कर रही है।

शेष पेज 08 पर

### दिग्विजय सिंह ने खेला इमोशनल कार्ड, कहा

## मेरे जीवन का यह आखिरी चुनाव

एजेंसियां, नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच बड़ी खबर मध्यप्रदेश से आई है। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य के दिग्गज कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह राजगढ़ सीट से लोकसभा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। राजगढ़ उनका गढ़ माना जाता है। वे यहां से पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं। 77 साल की उम्र में चुनावी मैदान में उतरे दिग्विजय सिंह की प्रतिष्ठा इस बार दांव पर लगी है। बीजेपी के प्रत्याशी सांसद रोडमल नागर से उनका तगड़ा मुकाबला है। ऐसे में दिग्विजय सिंह इमोशनल कार्ड भी खेल रहे हैं।

दिग्विजय सिंह ने रविवार को अपने एक्स X हेंडल पर एक भावुक पोस्ट की। एक्स पर किए इस ट्वीट में दिग्विजय सिंह ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। ट्वीट में दिग्विजयसिंह ने इसे अपना आखिरी चुनाव बताया। उन्होंने इस संबंध में अपने फेसबुक एकाउंट पर भी पोस्ट की। दिग्विजय सिंह ने फेसबुक और एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पिताजी के देहांत के बाद राघौगढ़ के बुजुर्ग नगर सेठ कस्तूरचंद कठारी ने मुझे एक अहम सीख दी।

शेष पेज 08 पर

### कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार का बयान

## कसाब की गोली से नहीं हुई करकरे की मौत

### मचा हंगामा, भाजपा बोली- वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं ये लोग

एजेंसियां, मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार के एक बयान से राज्य की सियासत में हंगामा मचा हुआ है। विजय वडेट्टीवार ने दावा किया कि राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के पूर्व प्रमुख आईपीएस हेमंत करकरे को 2008 के मुंबई हमलों के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादियों ने नहीं मारा था। उन्होंने कहा है कि आईपीएस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या जिस गोली से हुई, वह कसाब या आतंकियों की तरफ से नहीं चली थी, बल्कि 'आरएसएस को समर्पित' एक पुलिस अधिकारी के हथियार से चली थी।

विजय वडेट्टीवार ने पूर्व एटीएस चीफ हेमंत करकरे का जिक्र करते हुए मुंबई उत्तर मध्या से बीजेपी उम्मीदवार उज्ज्वल निकम पर हमला किया। वडेट्टीलार ने कहा, 'बिरयानी का मुद्दा उठाकर निकम ने कांग्रेस को बदनाम किया। क्या कोई कसाब को बिरयानी देगा? बाद में उज्ज्वल निकम ने इसे स्वीकार कर लिया, कैसा वकील है, गद्दार है जिसने कोर्ट में गवाही ही नहीं दी। जिस गोली से मुंबई पुलिस के अधिकारी हेमंत करकरे की मौत हुई, वह कसाब की बन्दूक से नहीं, उस समय आरएसएस के वफादार पुलिस अधिकारी की गोली से चली थी। अगर कोर्ट से यह सच छुपाने वाले गद्दार को बीजेपी टिकट दे रही है, तो सवाल उठता है कि बीजेपी इन गद्दारों का समर्थन क्यों कर रही है।'

मामले ने तूल पकड़ा तो वडेट्टीवार ने अपने बयान पर सफाई दी और कहा, 'वे मेरे शब्द नहीं हैं, मैंने सिर्फ वही कहा जो एसएम मुश्रीफ की किताब में लिखा था। किताब में पूरी जानकारी थी। जिस गोली से हेमंत करकरे को गोली मारी गई, वह आतंकवादियों की गोली नहीं थी...'

वडेट्टीवार ने आगे कहा, 'हेमंत करकेरे की हत्या आतंकियों की गोली से नहीं हुई है यह बात पुलिस अफसर एस एम मुश्रीफ की किताब में लिखी गई है। इस बात को उज्ज्वल निकम सामने क्यों नहीं लाए। पुलिस अफसर, एस एम मुश्रीफ (समशुद्दीन मुश्रीफ) ने अपनी किताब में लिखा है कि हेमंत करकरे की गोली से उनकी हत्या हुई है, वह गोली अतिरेकों (आतंकियों) की नहीं है...अजमल कसाब को फांसी देने की बड़ी बात नहीं है कोई भी सामान्य वकील और बेलआउट करने वाला वकील भी यह काम सकता था।

### बीजेपी हुई हमलावर

विजय वडेट्टीवार के बयान को लेकर बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा, 'कांग्रेस अपने खास वोटबैंक को खुश करने और उसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विजय वडेट्टीवार ने 26/11 के आतंकियों को क्लिनचिट देकर ये बात साबित कर दी। उनके मुताबिक शहीद हेमंत करकरे जी पर कसाब ने गोली नहीं चलाई थी। क्या आतंकियों का पक्ष लेते समय कांग्रेस को बिल्कुल भी शर्म नहीं आई? आज पूरे देश को ये भी पता चल गया है कि क्यों कांग्रेस और शहजादे की जीत के लिए पाकिस्तान में दुआएं मांगी जा रही हैं।'

## चतरा में 50 लाख का ब्राउन शुगर जब्त, दो सहायक पुलिस गिरफ्तार



**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बजराही मोड़ के पास से 50 लाख के ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव निवासी नेसार अंसारी, राजपुर थाना क्षेत्र के चिरिदीरी गांव के पंकज कुमार दांगी व कान्हाचट्टी गांव निवासी मो रेहान शामिल हैं।

पंकज और रेहान सहायक पुलिस हैं। उक्त लोगों के पास से 568 ग्राम ब्राउन शुगर के अलावा हुंडई आइ-20 कार (जेएच 01 जेड 8394), तीन मोबाइल फोन व पुलिस वर्दी जब्त की गयी। यह जानकारी एसडीपीओ अजय कुमार केसरी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि एसपी विकास कुमार पांडेय को सूचना मिली कि बजराही मोड़ के पास गाड़ी से ब्राउन शुगर की एक खेप लेकर आनेवाले हैं। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बजराही मोड़ के पास पहुंच कर संदिग्ध स्थिति में हुंडई आइ-20 वाहन को देखा। जिसकी जांच करने पर गाड़ी के पिछले सीट से ब्राउन शुगर जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि उक्त लोग ब्राउन शुगर का सैंपल दिखाकर खरीदनेवाले तस्कर को पुलिस का भय दिखा कर पैसा छीन लेते थे। गिरफ्तार नेसार का आपराधिक इतिहास रहा हैं। पूर्व में भी जेल जा चुका हैं।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### मंडा पूजा को लेकर बैठक आयोजित

**भुरकुंडा।** कुरसे गांव के महादेव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा को लेकर स्थानीय लोगों की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष फुलेश्वर राम और संचालन सचिव जनार्दन मुंडा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 28 मई को मंडा जागरण और 01 जून को पूजा किया जाएगा। मंडा पूजा का मेला 09 जून को लगेगा जिसका समापन 10 जून को होगा। मंडा पूजा समिति ने पूजा की तैयारियों को लेकर अगली बैठक आगामी 12 जून को निर्धारित की गई है। बैठक में वीरेंद्र यादव, पूर्व मुखिया रामदास बेदिया, राणा प्रताप सिंह, मोती करमाली, सन्नी कुमार, ईश्वर मुंडा, सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रद्धांजलि समारोह का हुआ आयोजन

**गोला।** रविवार को झारखंड के महान आंदोलनकारी, झारखंड की संस्कृति तथा जल, जंगल एवं जमीन के लिए संघर्षरत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई तथा सामाजिक संस्था ₹गट्र्स₹ के संस्थापक स्व. राजाराम सोरेन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम गट्र्स के प्रधान कार्यालय डाक बंगला गोला में आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवियों एवं आंदोलनकारियों के द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगों ने नमन आंखों से उन्हें याद कर उनके जीवन और संघर्ष को याद करते हुए उनके अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की संकल्प लिया गया। सभी ने कहा कि जब तक सुरज चांद रहेगा राजाराम सोरेन का नाम रहेगा₹। गोला के लोगों को उनके द्वारा मिला प्यार और उनका आशीर्वाद हमेशा याद रखा जायेगा।

### महिला समूहों ने चलाया जागरूकता अभियान

**बेड़ो।** जेएसएलपीएस बेड़ो में महिला समूहों से जुड़ी दीदियों और स्टाफों ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें रंगोली के माध्यम से प्रखंड कार्यालय प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वोट देना सभी का अधिकार है। इस अधिकार से किसी को वंचित नही होना है। साथ ही अपने आसपास के लोगो को भी बिना प्रलोभन में आकर वोट करने का दिशानिर्देश दिया। साथ ही आगामी 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान करने की अपील किया। जिससे कोई भी मतदान से वंचित न रह जाए। उन्होंने पारंपरिक विधि से मतदान की अपील करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने आसपास के मतदाता को भी जागरूक करने की बात कही। पहले मतदान फिर जलपान करने की बात पर जोर दिया।

# लोकसभा चुनाव है एक महापर्व, हर वोटर है ब्रांड एंबेसडर : डीसी

## कॉफी विद डीसी, इलेक्शन आईकॉन, रील मेकिंग, फोटोग्राफी और वॉकाथन कम्पटीशन में लें भाग

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव एक महापर्व है। इसमें हर वोटर ब्रांड एंबेसडर है। इस बार के चुनाव में हर मतदाता खुद अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेगा। यह बात रविवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार कोई बड़े पर्दे का अभिनेता हमारे बीच नहीं आएगा। चुनाव का हीरो वोटर है, और वोटर खुद घर से बाहर निकाल कर लोगों को प्रेरित करेगा। डीसी ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। उस दिन हर मतदाता अपने घर से निकलकर बूथ तक पहुंचे इसके लिए एक बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सात मई को शाम छह बजे से आठ बजे तक # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर के तहत महा हैशटैग अभियान चलाया जाना है। अभियान के सफल आयोजन में जिला स्तरीय विभागों, बूथ अवेयरनेस समूहों, प्रज्ञा केन्द्रों, शिक्षकों, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सहित अन्य के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



### शहरी क्षेत्र का मतदाता है उदासीन, भरनी है नई ऊर्जा

उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता विकास से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की पूरी जानकारी होने के बावजूद मतदान के दिन मतदान करने नहीं जाते हैं। उनमें नई ऊर्जा भरने की जरूरत है। इस बार के मतदान को सफल बनाने के लिए शहरी क्षेत्र के सभी मतदाताओं से स्वयं सामने आकर मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

### सात मई को इन कम्पटीशन में भी ले सकते हैं हिस्सा

सात मई को शाम छह बजे से आठ तक मतदाता जागरूकता से संबंधित फोटो, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग सहित कोई भी विशेष पहल को अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर #मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर एवं #रामगढ़करेगावोट हैशटैग के साथ शेयर करने की अपील की। वहीं उन्होंने एक साथ बड़े स्तर पर लोगों द्वारा एक ही हैशटैग के साथ कंटेंट शेयर करने के कारण पूरे देश में लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने में आने वाली सहूलियत के प्रति भी जानकारी दी।

### पहली बार वोट डालने वालों के साथ कॉफी पियेंगे डीसी

जागरूकता फैलाने के लिए रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से प्रातः छह बजे से वॉकाथन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत इस बार पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं के साथ जिला समाहरणालय परिसर में 11 बजे से ₹कॉफी विद डीसी₹ कार्यक्रम का आयोजन होगा। 11:30 बजे से युवा मतदाताओं को मतदाता आईकॉन शालिनी दुबे से मिलने का अवसर प्राप्त होगा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा रील मेकिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## खूंटी से कमल खिलाकर भेजें दिल्ली : नीलकंठ सिंह मुंडा



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को कर्रा में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा के लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय, जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कैलाश महतो, जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी आदि उपस्थित थे। बाद में नीलकंठ सिंह मुंडा ने जुरदाग गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के विकास और हर परिवार के विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधाानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरककार ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया,उतना काम साठ वर्षों के कांग्रेस के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे खूंटी से एक कमल खिलाकर दिल्ली भेजें, ताकि हम तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना सकें। उन्होंने लोगां से अपील की कि 13 मई को भाजपा के कमल फूल छाप पर बटन दबाकर अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनायें।

## द्वितीय मतदान अधिकारियों को चुनाव कार्यों के निष्पादन का प्रशिक्षण



संवाददाता

**खूंटी।** प्रशिक्षण कोषांग द्वारा 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त द्वितीय मतदान अधिकारियों के लिए रविवार को बिरसा कॉलेज खूंटी एवं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक कार्य संपादन की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम एवं एनएलएमटी सह पदमा बीडीओ मृत्युंजय शर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा द्वितीय मतदान अधिकारियों को बताया गया कि आप सभी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर(17ए) एवं मतदाता पर्ची के प्रभारी होंगे। मतदानकर्मियों को अमिट स्याही का प्रयोग, मतदाता रजिस्टर संधारण एवं पर्ची मिलान के संबंध में पीपीटी एवं ब्लैक बोर्ड पर लिख कर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य संपादन एवं दायित्वों से अवगत कराया गया। मतदान अधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें ईवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 59- तोरपा एवं 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त क्रमशः 280 एवं 328 महिला-पुरुष द्वितीय मतदान अधिकारी शामिल हुए।

## तपकरा में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के तपकरा में रविवार को कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, दयामनी बारला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खूंटी लोकाभा को आर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमैर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लेने की अपील कार्यकताओं से की। मौके पर जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष तैयब अंसारी, इमरान खान, पवन साहू, अख्तरी अहमद, नमन तोपनो, सलीम तोपनो आदि उपस्थित थे। कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने रविवार को अड़की प्रखंड की नौढी पंचायत के कुजीयाम्बा ग्राम में चुनावी सभा को संबोधित किया और कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियों और पार्टी के शीर्ष नेताओं की कुर्बानियों की जानकारी दी और और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुण्डा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

# आर्यन कुमार की मौत के 24 घंटे के अंदर राधा गोविंद स्कूल को मिला क्लीन चिट

संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन कुमार की मौत को लेकर हर दिन नई बात सामने आ रही है। 24 घंटे के अंदर ही जिला प्रशासन की ओर से बनाई गई टीम ने स्कूल प्रबंधन को क्लीन चिट दे दिया। अब स्कूल प्रबंधन अपनी पीठ थपथपाने में लग गया है।

रविवार को आनन-फानन में जांच रिपोर्ट के साथ स्कूल प्रबंधन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर सुजीत कुमार मोहंती ने कहा कि उन्होंने घटना के बाद कोई लापरवाही नहीं बरती थी। यह बात जिला प्रशासन की जांच कमेटी ने भी स्पष्ट किया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, कोषाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉक्टर निर्मल कुमार और स्कूल के प्रभारी प्राचार्य डीके सिंह भी मौजूद थे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बबीता कुमारी और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी शामिल थीं । इन लोगों ने छात्रों के बयान, केयर टेकर के बयान, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और विद्यालय के वार्डन के बयान के आधार पर प्रबंधन को क्लीन चिट दे दी। लेकिन इस कमेटी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि विद्यालय में रहने की व्यवस्था सही है या नहीं। वाकई में वह विद्यालय आवासीय विद्यालय की श्रेणी में आता है या नहीं। हॉस्टल में रह रहे छात्रों के आवासन और खाने-पीने की व्यवस्था उचित है या नहीं। गौर करने वाली बात यह है कि अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आया है। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इस बिंदु पर कोई भी चर्चा नहीं की है।



### सदमे में आर्यन का परिवार, विद्यालय को अपने नाम की चिंता

राधा गोविंद स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन की मौत के बाद उसका पूरा परिवार सदमे में है। वह परिवार अभी तक इस घटना से उबर नहीं पाया है। एक बच्चा स्कूल में अचानक बेहोश होता है और चंद ही पलों के बाद उसकी मौत हो जाती है। इस मामले में स्कूल प्रबंधन की व्यवस्था, वहां बनाए गए हॉस्टल में रहने के इंतजाम, खाने-पीने की व्यवस्था और अन्य मैनेजमेंट पर गंभीरता से जांच करने के बजाय, बेहद जल्दबाजी में जांच रिपोर्ट सौंपना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। फिर उस जांच रिपोर्ट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करना कहीं ना कहीं यह संकेत देता है कि विद्यालय को अपने नाम की चिंता ज्यादा है। छात्रों और उसके अभिभावकों के प्रति विद्यालय का असंवेदनशील होने का भी प्रतीक है। विद्यालय प्रबंधन को भी अपने कर्मचारियों के रवैये पर गौर करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

### बीमारी के मुद्दे पर विद्यालय ने झाड़ा पल्ला

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल सुजीत कुमार मोहंती ने आर्यन की बीमारी के मुद्दे पर भी अपना पल्ला झाड़ दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे की बीमारी के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। इस मुद्दे पर परिजनों से भी उनकी कोई स्पष्ट वार्ता नहीं हुई है। लेकिन इसके बावजूद बच्चे की मौत के बाद प्रबंधन की ओर से बच्चे की बीमार होने की खबर फैलाई गई । ऐसे गंभीर विषय पर कोई जवाब प्राचार्य ने नहीं दिया।

## श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनई नदी में बनाया बोरी बांध



**खूंटी।** प्रचंड गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को जल संकट का सामना ना करना पड़े इसे लेकर मुरहू प्रखंड के ग्राम मडगांव के ग्रामीणों ने रविवार को गांव के किनारे से बहने वाली बनई नदी में जल संचयन के लिए श्रमदान से बोरी बांध का निर्माण किया। मड़गांव के ग्रामप्रधान जुनास ढ़ोढ़राय ने बताया कि बालू के अवैध उठाव और प्रचंड गर्मी के कारण नदी की धारा सूखने लगी थी। स्थिति यह हो गई थी कि सप्ताह भर के अंदर नदी का पानी सूख जाता और गांव के लोगों को इस प्रचंड गर्मी में घोर जल संकट का सामना करना पड़ता। जल संकट की इस समस्या के समाधान के लिए गत गुरुवार को ग्रामसभा की बैठक में बोरीबांध बनाने का निर्णय लिया गया था। इसी निर्णय के तहत सेवा वेलफेयर सोसाईटी से नामक संस्था के सहयोग से रविवार को नदी में बोरी बांध बनाया गया जिसमें गांव के अधिकांश लोगों ने श्रमदान किया। उन्होंने बताया कि बोरी बांध बनने के बाद नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। नदी में जल संचयन होने से अब गांव के लोगों को इस गर्मी में पानी के संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि गांव के सीमन से अब बालू का अवैध उठाव नहीं होने दिया जाएगा।

# रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## रैली निकालकर की मतदाताओं से मतदान करने की अपील




संवाददाता

**रामगढ़ ।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो और रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा भी रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।

इसी क्रम में रामगढ़ चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा रविवार की शाम रामगढ़ शहरी क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में और एसडीओ आशीष गंगवार की उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया।इस दौरान दुकानदारों, राहगीरों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में घर से निकलकर 20 में को मतदान करने की अपील की गई। मौके पर एसडीओ आशीष गंगवार ने दुकानदारों से अनुरोध किया कि मतदान वाले दिन कर्मचारियों को छुट्टी दें और मतदान करने के लिए जागरूक करें और उनकी उंगली पर मतदान का चिन्ह देखकर उन्हें पुरस्कृत भी करने का काम करें। चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव को महापर्व के रूप में ले अपने तो मतदान करें ही आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए उत्साहित करें क्योंकि आपका एक वोट की कीमत लाखों करोड़ों रुपए से अधिक है। चेंबर अध्यक्ष ने बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील लोगो से की।

रैली के दौरान चेंबर के सदस्यों ने दुकानों वाहनों में मतदान को लेकर पोस्टर और स्टीकर भी लगाया जिसमें लिखा हुआ था कि ह्ललेटस वोट रामगढ़ह्व।

लोगों और कारोबारियो द्वारा चेंबर अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि वे लोग वोट देने के लिए घर से जरूर निकालेंगे अपने कर्मचारियों को वोट देने के दिन छुट्टी देंगे और लोगों को उत्साहित करने का काम भी करेंगे। रैली में एसडीओ आशीष गंगवार, चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनजीत साहनी, मानू चतुर्वेदी, इंद्रपाल सिंह सैनी, प्रदीप सिंह, अनूप कुमार,वकील सिंह,मंजी सिंह,राहुल जैन,निशु प्रसाद, अनिल मित्तल, राजू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अमित सिन्हा,विमल बुधिया, बालकिशन जालान, संवार अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, कमल बगड़िया, महावीर अग्रवाल, अरुण राय, उमेश राजगढ़िया सहित अन्य शामिल थे।

## खूंटी के 11 खिलाड़ी करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व

**खूंटी।** कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन की आरे से नौ से 12 मई तक देहरादून में आयोजित होंनेंवाली जूनियर एवं सीनियर नेशनल कराटे चौंपियनशिप में खूंटी के 11 चयनित खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों का चयन गत दिनों खेल गांव रांची में आयोजित झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप के दौरान किया गया था। झारखंड टीम में विभिन्न आयु तथा भार वर्ग में कुल 28 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। नेशनल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले जिले के चयनित खिलाड़ियों में शीतल टोपनो, बालाजी होरो, निराली गुड़िया, एलिसा केरकेट्टा, मुकेश बोदरा, अंकित धान, अमर उरांव, आर्यन प्रामाणिक, संदीप टोपनो, अभिषेक तिड़ू एवं रिया कुमारी शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ियों को खूंटी डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, कराटे कोच शादाब खान सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# 100 सालों के बाद बन रहा है अक्षय तृतीया के दिन दुर्लभ संयोग : मिथलेश तिवारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रामगढ़ ।** इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर गजकेसरी राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। यह राजयोग गुरु और चंद्र की युति से बनेगा। यह बात 5 मई को ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने कही । उन्होंने कहा की अक्षय तृतीया पर सूर्य और शुक्र की मेष राशि में युति हो रही है, जिससे शुक्रादित्य योग का निर्माण हो रहा है। साथ ही मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल अपनी उच्च राशि मीन में रहकर मालव्य राजयोग बना रहे हैं। इसके साथ ही वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग का निर्माण हो रहा है।इन शुभ संयोगों में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया ।

अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार है और साथ ही सुकर्मा योग भी इस दिन रहेगा। सुकर्मा योग का आरंभ दोपहर 12 बजकर 7 मिनट से होगा और अगले दिन लगभग 10 बजे तक यह योग बना रहेगा। इस योग में खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा, इस नक्षत्र के स्वामी भौतिक सुखों के दाता शुक्र ग्रह हैं इसलिए रोहिणी नक्षत्र में किसी भी तरह का कार्य शुरू करना आपके लिए शुभ फलदायक रह सकता है। इसके बाद पूरे दिन भर मृगशिरा नक्षत्र रहेगा इस नक्षत्र को भी ज्योतिष में शुभ माना गया है। श्री तिवारी ने बताया की तैतिल और गर करण का निर्माण भी इस दिन होगा। एक साथ इतने शुभ योग बनने से कुछ राशि के जातकों के जीवन में खुशियां ही खुशियां आएगी और मां लक्ष्मी की कृपा से उन्हें खूब धन-संपदा की प्राप्ति होगी।

### अक्षय तृतीया पूजा और खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त



अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन पूजा के लिए सबसे सही समय सुबह 5 बजकर 33 मिनट से दोपहर 12 बजकर 17 मिनट तक रहेगा। वहीं खरीदारी करने के लिए पूरा दिन ही शुभ माना जाएगा लेकिन सोना-चांदी अगर आप दोपहर 12 बजकर 15 मिनट के बाद खरीदें तो आपके लिए ज्यादा शुभ साबित हो सकता है, क्योंकि दोपहर के बाद सुकर्मा योग शुरू हो जाएगा। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा से आपके घर में बरकत बनी रहती है और पूरे साल भर धन-धान्य की घर में कमी नहीं होती।

## संक्षिप्त

### आईजी अभियान ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**रांची :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारियां की गई हैं और क्या कमियां रह गई हैं, इस पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। राज्य में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठवें चरण में मतदान होगा। इनके अलावा राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को सातवें चरण में मतदान होगा।

### गो परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**रांची :** गो माता सेवा समिति रांची के तत्वावधान मे सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित श्री गोपाल कृष्ण जी का गौ परिक्रमा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास,भक्तिमय तथा उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान का विग्रह, मंदिर परिसर एवं श्री कृष्ण गोपाल का सुगंधित पुष्पों से अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, महाभोग प्रसाद भंडारा,भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 9 बजे श्री गणेश जी के आवाह्न एवं श्री गोपाल प्रभु का धार्मिक अनुष्ठान एवं पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर फल,मेवा,मिठाई का भोग अर्पित किया गया। तथा पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर महाप्रसाद का भोग लगाया गया। तत्पश्चात श्री हनुमान मंडल, श्री श्याम मंडल सहित कई भजन गायको द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृत वर्षा की।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की ली सदस्यता

**रांची :** समाजसेवी नवीन सिंह समीर कुमार बागची के नेतृत्व में कमलेश शर्मा राजू कुमार मुरारी सिंह सोनू लोहार ने आज सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ आशु प्रमुख सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का सदस्यता लिया। वहीं, इससे पहले नवीन कुमार और समीर कुमार बागची ने सैकड़ो युवा और महिलाओं के साथ ओटीसी ग्राउंड से जुलूस के शक्ल में आजसू कार्यालय पहुंचे जहां पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सभी को पार्टी की सदस्यता माला और पट्टा पहना कर दिलाया। वही, सुदेश कुमार महतो ने कहा कि नवीन कुमार समीर कुमार बागची के आने से पार्टी को और मजबूत होगी।

### नि:शुल्क चलंत प्याऊ, अग्रसेन धारा का शुभारम्भ

**रांची :** रांची में बढती गर्मी के प्रकोप से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की निःशुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ अग्रसेन धारा के नाम से दिनांक 05/05/24 (रविवार) को भारतीय युवक संघ,बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। सचिन रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि इस चलंत प्याऊ में शीतल पेय जल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी एवं अन्य पेय पदार्थ की सुविधा राँची के विभिन्न स्थानों पर बारी-बारी से जाकर, वहां के नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। आज के इस शुभ कार्यक्रम का उद्घाटन हमारे मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राँची गौशाला के अध्यक्ष पुनित पोद्दार, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं अग्रवाल सभा, रांची के सचिव मनोज चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया।

# शिक्षिका पुत्री पूजा की शादी में शामिल होने रांची से कर्नाटक पहुंचे समाजसेवी रतन अग्रवाल, वर-वधू को दिया आशीर्वाद

संवाददाता

**कर्नाटक।** झारखंड की राजधानी रांची के जाने-माने समाजसेवी और लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल शिक्षिका आशा भट्ट की बेटी पूजा संग कश्यप के वैवाहिक समारोह में शिरकत करने कर्नाटक के कुंदापुर पहुंचे। परिजनों के स्वागत से अभिभूत रतन अग्रवाल कहते हैं कि, समारोह में शामिल होकर उन्हें ऐसा एहसास हो रहा है, जैसे मानो उनकी अपनी ही बेटी की शादी हो। कुंदापुर पहुंचे समाजसेवी रतन अग्रवाल अपने बड़े भाई समान प्रकाश भट्ट से मिलकर फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को



अपने अंदाज में ढेरों बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दीं। रतन अग्रवाल कहते हैं, शादी जीवन का वो खूबसूरत एहसास है, जिसमें दो लोग जिंदगी भर के लिए जुड़ जाते हैं। शादी न सिर्फ दो दिलों को, बल्कि दो परिवारों को भी एक करती है। शादी का दिन हर किसी की जिंदगी में बेहद खास होता है।

उन्होंने अपने बड़े भाई समान प्रकाश भट्ट की फैमिली के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई। इसमें बिटिया पूजा के साथ कश्यप, पूजा के पापा प्रकाश भट्ट, बड़े पापा प्रभाकर भट्ट, बड़ी मां सुधा भट्ट, भाई सुधीर भट्ट, भाभी अनुष्का भट्ट कैमरे में कैद हुए।

# 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शिड्यूल करें पदाधिकारी : रवि कुमार

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच #मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें।



रवि कुमार ने रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी।

रवि कुमार ने अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेंडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आए और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गईं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# झामुमो की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंसी : प्रतुल शाहदेव

संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। वे रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाए हैं उसमें प्रथम द्दष्टया हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपये की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंततः राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जो भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है। प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआईआर हुआ था, उसमें षड्यंत्र की धारा को जोड़ा गया था लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट कर मिटाने की घटना को भी हाई कोर्ट ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था।

# रांची के बीएसएनएल हेड ऑफिस में लगी भीषण आग



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत जुमार नदी के पास स्थित बीएसएनएल के हेड ऑफिस में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद बीएसएनएल के कर्मचारियों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां और मेसरा ओपी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर आग बुझाने के कार्य में जुटे थे। आग की लपटें दूर से ही नजर आ रही थीं। आग लगने की सही वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। आग से कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन के बाद ही पता चल पाएगा।

### मेडिक्लेम प्रक्रिया में समय लगने के कारण मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देरी : सर्वे

**रांची।** स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे।

# वोट की राजनीति करना ही जेएमएम कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश महतो

संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार



नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। इसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है।

# टेलीविजन से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री करेगा सैमसंग

संवाददाता

**रांची।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई टेलीविजन के अपने 2024 लाइनअप के लॉन्च के साथ भारत में अपने टेलीविजन कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। सैमसंग ने नए क्यू एलईडी 8के, 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 रेंज लॉन्च की है जिनकी कीमत 139990 रुपये से शुरू होती है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि एआई-पावर्ड 8के नियो क्यूइएलईडीस, 4के नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की नई रेंज के लॉन्च के साथ, हमें इस साल भारत में अपने रेवेन्यू और मार्केट लीडरशिप को बढ़ाने का पूरी उम्मीद है। 2024 में हमने भारत में अपने टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य तय किया है।

# राज्य की 03 लोकसभा सीटों व गांडेय उपचुनाव के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा

संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार इन तीनों लोकसभा सीटों के अलावा गांडेय सीट के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा कर लिया गया है। चतरा लोकसभा सीट के लिए तीन मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा के काली चरण सिंह, कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी और बहुजन समाज पार्टी के जगदेव प्रसाद के आवेदन सही पाये गये हैं। इसके अलावा पंजीकृत राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 20 मिलाकर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अन्नपूर्णा देवी और बहुजन समाज पार्टी से सिटन रविदास का आवेदन वैध पाया गया है। पंजीकृत राजनीतिक दलों में सीपीआई (माले) के विनोद सिंह समेत पांच




कैंडिडेट हैं। साथ ही नौ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। हजारीबाग सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों में कांग्रेस के जेपी पटेल का नामांकन वैध पाया गया है। साथ ही भाजपा के मनीष जायसवाल और बसपा के मो मोईनउद्दीन अहमद का नामांकन भी सही है। इसके अलावा 14 अन्य प्रत्याशियों के नामांकन भी वैध पाये गये हैं। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए झामुमो से कल्पना सोरेन, भाजपा से दिलीप कुमार वर्मा का नामांकन हुआ है। इसके अलावा नौ अन्य कैंडिडेट का भी नामांकन स्क्रूटनी के बाद सही पाया गया है।

# 1500 जरूरतमंद परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

संवाददाता

**रांची :** रविवार को 148वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति के सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था



के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान,सत्यभामा देवी,संतोष देवी अग्रवाल,सरोज पोद्दार के द्वारा वहाँ के लगभग 1500 जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 148वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 148 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो मे पुडी, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर,भेजिटेबल खिचडी एवं जलजीरा का बोतलबंद जुस, चिप्स एव प्रत्येक व्यक्ति को 1 लीटर मिनरल वाटर की बोतलबंद पानी का वितरण किया।

आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गई।

आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,नन्द किशोर चौधरी, पवन पौदार, विशाल जालान, प्रभाष गोयल, ज्ञान प्रकाश शर्मा,चिरंजीलाल खण्डेलवाल अंजनी अग्रवाल चन्द्रदिप साहु,हरीश कुमार, प्रेम कुमार, धीरज कुमार गुप्ता,परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान,सत्यभामा जी, संतोष देवी अग्रवाल उर्मिला पाडिया, सरोज पोद्दार, एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## संक्षिप्त

### मनीष जायसवाल के लिए उनकी पत्नी कर रही हैं सघन चुनाव प्रचार

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के लिए उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल कड़ी धूप में खूब पसीना बहा रही हैं। पिछले तीन दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा में उनका तूफानी जनसंपर्क अभियान चल रहा है। बरही विधानसभा और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार की मनीष जायसवाल की पत्नी निशा जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के हजारीबाग नगर निगम इलाके के कई वार्डों में घुम-घुमकर डोर-टू- डोर कैंपेन किया। और भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने का अपील किया।

### किराना दुकान से चोरों ने एक लाख के सामान चुराये

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबियाखांड में अविनाश कुमार साव के किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने रात्रि में दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गये। चोरों ने एक लाख के सामानों की चोरी कर ली। भुक्तभोगी अविनाश साव ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह अपना दुकान बंद कर रात्रि में घर चले गये। किसी व्यक्ति ने उन्हें मोबाईल पर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। भुक्तभोगी जब दुकान आये तो पाया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। कई सामान गायब हैं। उन्होंने बताया कि चावल 10 बोरा, सरसो तेल 32 केजी, रिफाईन , जीरा मरीच, चीनी समेत कई कीमती सामान लेकर भाग गये। चोर जाते समय फ्रीज को क्षतिग्रस्त कर दुकान से कुछ दूरी पर फेंक दिया। चोरी की जानकारी सतबरवा थाना को दी है। सतबरवा के एएसआई सुबोध कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर भुक्तभोगी से चोरी की जानकारी ली। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि भुक्तभोगी अविनाश कुमार साव द्वारा मामला दर्ज करने के लिए आवेदन नहीं दिया गया है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रभारी ने कहा कि चोरी की घटना में शामिल चोर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा साथ ही पुलिस द्वारा छापेमारी कर रही है ताकि चोर पकड़ा जाएं।

### डैम रोड में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय

**सरायकेला :** चांडिल डेम रोड स्थित अन्नपूर्णा बैंक्विट हॉल में रविवार को भाजपा के चांडिल मध्य मंडल का चुनावी कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उदघाटन विधिवत रूप से फीता काटकर ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, ईचागढ़ विधानसभा संयोजक मधु गोराई और सह संयोजक सारथी महतो ने संयुक्त रूप से किया। चांडिल मध्य मंडल का चुनावी कार्यालय के उदघाटन के बाद ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में चुनाव की तैयारियों से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति बनाई गई। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद संजय सेठ सात व आठ मई को जनसंपर्क अभियान के तहत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का दौरा करेंगे।

### अपनी पहचान के सहारे वोट मांग रहा हूं: गणेश रवि

**मेदिनीनगर :** भाजपा दे दे राम दिल दे राम, के सहारे, जबकि मैं अपनी पहचान और काम के सहारे मतदाताओं से वोट मांग रहा हूं। पलामू लोकसभा क्षेत्र के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने आज अपने चुनावी प्रचार अभियान के क्रम में डाल्टनगंज विधानसभा के कई गांव का दौरा कर लोगों से मतदान की अपील की श्री रवि ने चैनपुर प्रखंड के चट्टीपर, भरगावा, पीड़रा, शाहपुर, कलुआ, चेराबाड़, पुरबडीहा में मतदाताओं से मिलकर केतली पर मतदान की अपील की श्री रवि ने कहा कि मतदाताओं का प्यार और सहयोग जबरदस्त तरीके से मिल रहा है।

# विकसित भारत के लिए करें मतदान : अन्नपूर्णा देवी

संवाददाता

**कोडरमा :** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कड़े और बड़े फैसलों से देश की जनता तो खुश है लेकिन लुटेरों और ठगों की नींद हराम हो गयी है। इनमें से कुछ जेल में हैं, कुछ बेल पर हैं और कुछ लोगों को जेल जाने का डर सता रहा है। यही वजह है कि मतलबपरस्त गठबंधन बनाकर सारे चोर इकठ्ठा हो गए हैं और किसी भी कीमत पर मोदी जी को प्रधान सेवक की भूमिका से बेदखल करना चाहते हैं। लेकिन जिन्होंने देश के कण-कण और जन-जन से सीधा रिश्ता बना लिया हो उन्हें लोकतान्त्रिक तरीके से अपदस्थ करना इनके बस



की बात कहां? अपनी तमाम साजिशें विफल होता देख चोरों की ये जमात दुष्प्रचार पर उतर आयी है। गझंडी बाजार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इन दिनों चोरों के ठगबंधन ने लोकतंत्र और संविधान को खतरे में बताना शुरू किया है। देश की जनता को अच्छी तरह पता है कि शाहबानो मामले में अदालत के फैसले को पलटकर, इमरजेंसी लगाकर और गाहे-बगाहे बेवजह राज्यों की चुनी हुई सरकारों को गिराकर कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र का अपमान किया है। कोडरमा में इस ठगबंधन ने वामपंथी उम्मीदवार दिया है। वामपंथियों का भारत और भारतीयता से कोई लेना देना नहीं है। इनके नेता, इनके आदर्श, इनके सिद्धांत, इनका वाद या तो रूस का है या फिर चीन को ये इमरजेंसी लगाने का समर्थन करते हैं, भारत चीन युद्ध में चीन की तरफदारी करते हैं, लोकतंत्र और भारतीय संविधान को लहुलुहान करने के खतरनाक इरादे के साथ तो इन वामपंथी दलों का जन्म ही हुआ है। मुस्लिम वोट बैंक के सामने नतमस्तक इस ठगबंधन ने एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकार आरक्षण को दांव पर लगा दिया है। कर्णाटक और तेलंगाना में, जहां कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार है, ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलामानों को धर्म के आधार पर आरक्षण दिया गया है। स्पष्ट है कि जहां जहां ये लोग सत्ता की शक्ति पायेंगे एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण पर डाका डालेंगे और इनका हक छीनकर धर्म के आधार पर मुसलमानों में बाटेंगे देश की जनता इनकी साजिश समझ चुकी है और अब इनका समूल विनाश तय है।

## भीषण गर्मी में लोगों की पहली पसंद बनी तरबूज, बढ़ी बिक्री



संवाददाता

**लातेहार :** जिल में भीषण गर्मी में सूख रहे गले को तरोताजा करने के लिए तथा प्यास बुझाने के लिए पानी के अलावा लोगो की पसंद तरबूज,खीरा,ककड़ी बन गया है। इस चिलचिलाती धूप एवं कंठ सूखा देने वाली लू की थपेड़ों से निजात पाने के लिए यह सस्ता एवं सरल उपाय साबित हो रहा है। लातेहार जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार हो या अन्य छोटे बड़े चौक चौराहों पर बड़े पैमाने पर तरबूज,खीरा,ककड़ी पिकअप भान, ट्रक एवं ट्रैक्टर से आपूर्ति हो रहे हैं, जो सुबह होते ही बिक भी जा रहा है। तरबूज का महत्व तब दिखने लगता है। जब शहर के मुख्य मार्ग पर सवारी गाडियां यात्रियों सहित यात्री चढ़ने अथवा उतारने के लिए रुकते है तो सुख रहे गले को तरोताजा करने लिए यात्री तरबूज खा कर अपनी सुख रहे गले को तरोताजा कर सकून महसूस करते देखे जा रहे है । तरबूज के थोक एवं खुदरा विक्रेता राजू कुमार ने बताया की बढ़ती गर्मी में तरबूज की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा की तरबूज रांची, गोपालगंज व अन्य जिले से लाई जाती है । उन्होंने बताया की खड़ा तरबूज 15 रुपए किलो ग्राम एवं काट कर 20 रुपए किलोग्राम के दर से बिक रहा है। वही तरबूज विक्रेता अफरोज ने बताया कि अभी यह फल हम आर्डर पर मंगवाते हैं। आढ़ती आर्डर के मुताबिक यह माल हम तक पहुंचाता है जिस कारण फल की कीमत व खर्चा डालकर यह फल काफी महंगा पड़ जाता है। उसने बताया कि जब पंजाब में पैदा होने वाली तरबूज की फसल मार्केट में आते ही इसके मूल्य में काफी गिरावट आ जाती है और हमारा धंधा दोगुणा हो जाता है। जैसे-जैसे माल की आमद बढ़ती है माल की क्वालिटी भी अच्छी होती जाती है। उसने बताया कि जब तक दिन का तापमान 41-42 तक रहता है तरबूज की सेल चरम सीमा पर रहती है। बरसात होने के साथ ही बाजार में तरबूज की बिक्री 50 प्रतिशत तक गिर जाती है। उसने बताया कि खरबूजा व तरबूज एक साथ ही मार्केट में उतरते हैं। जब खरबूजा भारी मात्रा में बाजार में आ जाता है तो भी तरबूज की बिक्री बहुत कम हो जाती है। उसने बताया कि थोक में माल बेचने वाले को इतना मुनाफा नहीं मिलता और न ही उत्पादक को इसका मुनाफा मिलती है क्योंकि आढ़ती व दलाल उनका मुनाफा खा जाते हैं। गौरतलब है कि मिलावट के युग में तरबूज भी मिलावट और दवाइओं से पका कर मार्केट में बेचा जा रहा है। जिससे इन्सानी जिन्दगी व वातावरण दोनों ही दूषित हो रहा है।

## भंडारा के साथ श्री देवी मंडप का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

संवाददाता

**लातेहार :** नौ कन्या पूजन एवं भंडारा के साथ रविवार को शहर के थाना चौक में तेली मुहल्ला स्थित देवी मंडप सह नौ देवी पिंडी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय, रामेश्वर पांडेय व विवेक शुक्ला के सानिध्य में हवन व पुणार्हुति की गयी। मौके पर बतौर मुख्य यजमान संतोष कुमार पिंटू और रंजीत कुमार सपत्नीक मौजूद थे। हवन व पूणार्हुति के बाद नौ कन्या पूजन किया गया। इसके बाद भंडारा का प्रारंभ किया गया। भंडारा का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। भंडारे में विधायक बैद्यनाथ राम के अलावा लातेहार व आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ मंटू, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, अजीत कुमार, शुभम कुमार, आकाश



कुमार व संदीप कुमार, सचिव रविंद्र प्रजापति, सतीष कुमार व आशीष कुमार व कोषाध्यक्ष बिंदेश्वर प्रसाद व आशीष कुमार के अलावा संरक्षक मंडली में रामधनी प्रसाद, दशरथ प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, भोला प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, सूरज साहू व प्रदीप प्रसाद आदि सक्रिय हैं. उपाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग करने पर नगर वासियों के प्रति आभार प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि बिना सामुहिक सहयोग के कोई भी अनुष्ठान सफल नहीं हो पाता है. मौके पर अभिनंदन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, रौशन कुमार, चिंटू कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार, मंटू प्रसाद, सुधा देवी, शारदा देवी, सरोज देवी, सरस्वती देवी, अनिता देवी, पुनिता देवी, देवंती देवी, संगीता देवी व मंजू देवी समेंत कई लोग मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर विभिन्न स्थानों पर चला वाहन जांच अभियान



संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर पुलिस लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर रही है। संवेदनशील इलाकों में अभी से पैनी नजर रखी जा रही है। छोटी बड़ी गाड़ी की गहनता से तलाशी ली जा रही है। बड़ी गाड़ियों की डिक्की की जांच की जा रही है। हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन और कागजों का जांच की जा रही है। पुलिस अधिक्षक शंभु सिंह के आदेश पर यह कार्रवाई हो रही है।
चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर से चैनपुर थाना क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। मादक पदार्थ से लेकर नकदी के परिवहन को रोकने के लिए संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। मौके पर थाना के ए एस आई मदन शर्मा सहित थाना के जवान मौजूद थे।

### महीनों से गिरा पड़ा है विद्युत प्रवाहित पोल

**हरिहरगंज :** जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज मोड़ रोड में अंबा गांव में मदन पाल के घर के समीप आरईओ रोड किनारे महीनों से बिजली प्रवाहित सीमेंटेड पोल गिरा पड़ा है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों को इस पर कोई ध्यान नहीं है। इस संबन्ध में आस पास के कई लोगों ने बताया कि कई बार विभागीय मिस्त्री को इसकी जानकारी भी दी गई परंतु अभी तक किसी ने इसकी सुधि नहीं ली।
ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते गिरे पड़े बिजली पोल को अगर ठीक नही कराया गया तो कभी भी जान माल को नुकसान पहुंच सकता है। बता दें कि सड़क किनारे नाले निर्माण के लिए गड्ढे भी खोदकर छोड़ दिए गए हैं जो रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों और पशुओं के लिए कभी भी घातक सिद्ध हो सकता है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अविलंब गिरे पड़े बिजली प्रवाहित पोल को ठीक कराने की मांग की है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

## गांडेय विस उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने गांडेय विधानसभा उचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालांकि आरोपित अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपित को फरार होने का मौका नहीं दिया और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपित निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई। जानकारी के अनुसार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ किया था। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना



में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। अवधेश सिंह के खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालांकि पुलिस की ओर से मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है। जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के इस निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था, तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ा था। उस वक्त भी इसके खिलाफ नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई किया था। निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह की गिरफ्तारी के दौरान एसडीपीओ बिनोद रवानी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और इंस्पेक्टर ममता कुमारी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार समेत पुलिस जवान इस दौरान शामिल थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने सदर प्रखण्ड का किया दौरा

**हजारीबाग :** हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर प्रखण्ड का दौरा किया। जहां लोगों द्वारा श्री केशरी का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों के द्वारा क्षेत्र में व्यापत विभिन्न समस्याओं को सुना। लोगों ने श्री केशरी को कहा कि क्षेत्र में समस्या आज भी पूर्व की तरह बरकरार है। कुछ लोग जिनकी पहुंच अधिकारी या जनप्रतिनिधियों से है वहीं, आगे बढ़ रहे है बाकि जो जहां था आज भी उसी स्थिति में है। इस मौके पर सखिया पंचायत के सरपंच रवि कुमार ने कहा कि बेरोजगारी आज भी एक बड़ी समस्या है। गांव के अधिकतर युवा रोजगार के लिए दुसरे शहरों में या अन्य राज्यों में जाने को मजबूर है। अगर क्षेत्र का विकास होता तो रोजगार भी मिलता।

# बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में उठाये जायें सख्त कदम : चंद्रशेखर

संवाददाता

**लातेहार :** वेदिक सोसाइटी सचिव चंद्रशेखर सिंह समेत अन्य गैरसरकारी संगठनों ने अक्षय तृतीया से पूर्व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते बाल विवाह के खिलाफ पूरे देश में सख्त कदम उठाने की मांग की है। ज्ञात हो कि राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं।वहीं लातेहार में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन वेदिक सोसाइटी ने राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करे कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंसह्ल की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, ह्लबाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह



के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।बता दें कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैर सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुव्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं। हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है और जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैर सरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। वेदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा, राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है। यह अदालती आदेश बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदायों को लामबंद करने में स्थानीय नेतृत्व की जवाबदेही की जरूरत को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त

### पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरु

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन आरंभ हो गया है। इसके पूर्व शनिवार को यूनिट को लाईट अप किया गया था। गुरुवार को यूनिट के बॉटम हॉपर के वाटर भॉल्व के पास टयूबलीकेज के कारण यूनिट को सुबह साढ़े नौ बजे बंद करना पड़ा था। रविवार को यूनिट को फूल लोड 500 मेगावाट पर चलाया जा रहा है।

### एथलीट अदिति को मिला स्पॉन्सरशिप

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स एके-डमी की सिंदरी निवासी एथलीट अदिति दास को बोकारो थर्मल निवासी समाजसेवी तथा टोटल टोटल कम्प्यूटर सोल्यूसन के संचालक नीशित कुमार ने वर्ष 2028 तक के लिए स्पॉन्सरशिप दिया है। अदिति विगत वर्ष नेशनल जूनियर एथलीट मीट में झारखंड का प्रतिनिधित्व की थी। साथ ही झारखंड राज्य स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रही है। नीशित कुमार एथलीट अदिति का वर्ष 2028 तक का सभी प्रकार का खर्च वहन करेंगे। रविवार को नीशित ने अदिति को चेक प्रदान किया। इसकी जानकारी भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी के कोच सह सचिव आशु भाटिया ने रविवार को दी।

### मारपीट में सात घायल

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत गोविंदपुर एफ पंचायत के लहरियाटांड़ में लड़का एवं लड़की पक्ष के लोगों में मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गये। घटना रविवार दोपहर की है। घटना के बाद दोनों ही पक्षों की ओर से थाना में लिखित आवेदन दिया गया है, जिसके आधार पर पुलिस ने पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में ले रखा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लहरियाटांड़ निवासी जलेश्वर प्रजापति की पुत्री सुजाता का विवाह रामगढ़ निवासी राजू प्रजापति के पुत्र अजय कुमार के साथ आठ माह पूर्व हुआ था। विवाह के बाद सुजाता को ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा मारपीट की वारदात की जाती थी। मारपीट से तंग होकर वब अपने मायके चली आयी थी। रविवार को सुजाता का पति अजय, ससुर राजू प्रजापति, सास फूलमति देवी सहित चार-पांच लोग लहरियाटांड़ सुजाता को बातचीत कर विदा करवाने आये थे। बातचीत के क्रम में विवाद बढ़ने पर दोनों ही पक्षों में मारपीट की घटना घट गयी। मारपीट में रामगढ़ के अजय कुमार, राजू प्रजापति, फूलमति देवी तथा लहरियाटांड़ निवासी सुजाता, टिकैत प्रजापति सहित सुजाता की दो बहन घायल हो गयी। मारपीट की घटना के बाद दोनों ही पक्षों ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों में लड़की को ले जाने के मामले में मारपीट की घटना के बाद दोनों ने आवेदन दिया है।

# झाड़ियों में मिला लापता आठ वर्षीय बच्ची का शव

▸ दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

संवाददाता

**बोकारो ।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरदाना पंचायत स्थित महलीजारा गांव में शनिवार रात से लापता 8 साल की किशोरी का शव झाड़ियों में मिला। शव देखने के बाद ग्रामीण व किशोरी के पिता ने दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। कहा है कि हत्या के बाद अपराधी ने शव झाड़ियों फेंक दिया था। घटना की जानकारी तब हुई जब लोग रविवार की सुबह शौच के लिए खेत की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने झाड़ियों के पीछे खून से लथपथ किशोरी के शव को देखा। इसके बाद इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को हुई और सूचना पुलिस को भी दी गई। शव की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी अपने पिता व अपनी दादी के साथ एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में आई हुई थी। शनिवार रात को प्रीतिभोज कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होकर पीड़ित पिता वापस अपने घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पिता ने किशोरी की खोजबीन शुरू की, लेकिन वह लापता थी। परिजनों ने पहले तो घर में, फिर आसपास तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों व रिश्तेदारों ने किशोरी की तलाश देर रात किया, लेकिन किशोरी का कुछ पता नहीं चला। दूसरे दिन सुबह किशोरी का शव मिला तो पिता का गुस्सा चरम पर था।

उन्होंने पुत्री के शव को देखने के बाद दुष्कर्म की आशंका जाहिर की है। कहा कि पुत्री के निचले हिस्से में काफी खून बह रहा था और नाक से भी खून निकल रहा था। उसके कपड़े भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे। जघन्य अपराध की जानकारी मिलते ही बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पेटरवार थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा व तेनुघाट थाना प्रभारी अजित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल तेनुघाट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीपीओ ने कहा कि घटना की हर बिंदु की बारीकी से जांच की जा रही है। पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि होगी। अपराधी को हर हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## पानी निकालने के दौरान डोभा की मिट्टी धंसी, युवक की मौत

**बोकारो ।** चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरिलागोड़ा गांव में रविवार को एक डोभा में डूबकर उसी गांव के रहनेवाले युवक विजय महतो (23) की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह लगभग 8.30 बजे की बताई जा रही है। युवक अपने खेत में पानी पटाने के लिए उक्त डोभा से पानी निकाल रहा था। दरअसल, यह डोभा 2018-19 में मनरेगा के तहत प्रस्तावित कुआं था, जिसका निर्माण अभी भी अधूरा है। अगल-बगल की मिट्टी धंसने के कारण उक्त कुआं डोभा जैसा बन गया है। इसी के मुंडेर के ईंट पर पैर रखकर युवक पानी निकाल रहा था कि अचानक से ईंट खिसक गया और युवक अनियंत्रित होकर कुआं के अंदर जा गिरा। गिरने के दौरान उसके सिर पर चोट लगी, जिससे वह बेहोश हो गया और पानी में डूब गया। काफी देर के बाद पड़ोस के खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण ने देखा तो हो-हल्ला किया और आसपास के ग्रामीणों को बुलाया। युवक को बाहर निकालने के बाद परिजनों ने अन्य ग्रामीणों के सहयोग से युवक को बीजीएच लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद सेक्टर-4 पुलिस बीजीएच पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया व परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।इधर, मनरेगा के तहत निर्माण हो रहे अधूरे कुआं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है।

## 160 पुड़िया गांजा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

संवाददाता

**गोमिया (बोकारो) ।** जिले के गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिर ग्राम में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से गांजा तस्करी कर ले जाते हुए होसिर पटवा टोला निवासी महेंद्र प्रसाद (59) नामक एक अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से 160 पुड़िया गांजा जब्त किया गया। बेरमो अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार महेंद्र प्रसाद साड़म बाजार में खैनी की दुकान चलाते हैं। खैनी दुकान में बेचने के लिए गांजा अपनी दुकान ले जा रहे थे। इसी क्रम में गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने अनुमंडल



पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देश पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया। सिंह ने बताया कि एक थैले में कुल छोटा बड़ा 160 गांजा की पुड़िया जिसका कुल वजन 870 ग्राम है। इसके साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और दो चिलम भी बरामद किया गया। इस छापेमारी में पुअनि अरुण कुमार, पुअनि बिरसा बारा सहित कामेश यादव, शमीम अंसारी, संदीप हांसदा, धर्मेंद्र रवानी, जमुना यादव आदि मौजूद थे।

## बोकारो में 2,785 अभ्यर्थियों ने दी नीट की परीक्षा

### कदाचार मुक्त एवं सफल आयोजन के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने जताया आभार

संवाददाता

**बोकारो ।** मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर आवश्यक परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट (यूजी) 2024 का आयोजन रविवार को बोकारो में पांच केंद्रों पर किया गया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यह परीक्षा सभी केंद्रों पर पूरी तरह शांतिपूर्ण, कदाचार-मुक्त एवं सफल रही।

इसके लिए एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी वीक्षकों, पर्यवेक्षकों, केंद्राधीक्षकों एवं विशेष रूप से जिला प्रशासन के



अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में कुल 2884 अभ्यर्थियों ने नीट (यूजी) 2024 के लिए अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 99 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और डॉक्टर बनने का सपना संजोए कुल 2785 कैंडिडेट इस उच्च प्रतिष्ठित परीक्षा में शामिल हुए।

सेक्टर- 4एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाये गए सेंटर पर कुल पंजीकृत 840 अभ्यर्थियों में से 816, होली क्रॉस स्कूल बालीडीह में 720 में 702, सेक्टर- 5 के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में 720 में 684, सेक्टर- 6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में 480 में 468 और सेक्टर- 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस बोकारो) में 124 में से 115 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुरक्षा जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को अंदर प्रवेश करने दिया गया। दोपहर 11.00 बजे से सेंटरों के बाहर उनकी अच्छी-खासी भीड़ लगनी शुरू हो गयी। 2.00 बजे से परीक्षा शुरू हुई और शाम 5.20 मिनट तक चली।

## बोकारो रोटरी ने प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित



सवाददाता

**बोकारो ।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार की रात एक संगोष्ठी आयोजित कर स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में समाचार पत्रों पर पड़ते प्रतिकूल प्रभाव की चर्चा करते हुए आज के समय में भी अखबारों की भूमिका व उसकी महत्ता को प्रासंगिक बताया। साथ ही फेसबुक, यूट्यूब आदि के माध्यम से भ्रामक खबरों को बढ़ावा दिए जाने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इनकी निरंकुशता पर लगाम लगाने की जरूरत बताई। कार्यक्रम को डॉ अनिल त्रेहन, चंद्रिमा रे, बी के पांडेय, सुनील तिवारी, विजय सिंह आदि ने संबोधित किया। जबकि, मंच संचालन प्रदीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास, सचिव महेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, डॉ एससी मुंशी, पीडीजी महेश केजरीवाल, बीएस जायसवाल, प्रदीप रे, अशोक तनेजा, पीए जकारिया, अशोक केडिया, राजेश सिंह, विवेक कक्कड़, संजय तिवारी, अशोक तनेजा, मन्नू श्रीवास्तव, अशोक जैन, हरदीप सिंह, डॉ राजदीप, अभय गिरि, नीलम दास, संध्या राज, कुंजला नारायण, सीमा गिरि, अलका गुप्ता, जसविंदर कौर, पुष्पा केजरीवाल, पूनम त्रेहन, राखी बनर्जी, किरण सिंह, निरुपमा सिंह, मीनू सिंह, शीला जायसवाल, बिन्नी कक्कड़, सोनाली सिंह, नामित श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## उलगोड़ा में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

संवाददाता

**बोकारो ।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रविवार को उलगोड़ा स्थित आशा की किरण प्ले स्कूल में बोकारो के सुविख्यात दंत चिकित्सक डॉ जॉन लियु के नेतृत्व में एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर अदिति का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दांतों को स्वस्थ रखने की दिशा में आवश्यक निर्देश देना और आवश्यकता अनुरूप उचित उपचार एवं दवाइयां देना तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन करना था। सभी बच्चों को सुबह और रात में भोजनोपरान्त ब्रश करने का निर्देश दिया गया। जिन बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई, उनको डॉक्टर जॉन लियु ने अपने सिटी सेंटर स्थित क्लिनिक में बुलाकर उनका मुफ्त इलाज करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा 30 ऐसे बच्चे, जो कक्षा 6 के विद्यार्थी थे और मोहन आजाद द्वारा पेंटिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, उनका भी समुचित मार्गदर्शन और उपचार किया गया। शिविर के समापन पर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष



रोटेरियन घनश्याम दास ने सभी डॉक्टरों और उपस्थित सहयोगियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रकार के और शिविरों का भी आयोजन समय समय पर करते रहेंगे। इस शिविर में मुख्य रूप से रोटेरियन घनश्याम दास, रोटेरियन अशोक जैन, रोटेरियन अशोक तनेजा, रोटेरियन देवाशीष सहाना, रोटेरियन डॉक्टर अनिल त्रेहन, रोटेरियन डॉक्टर आर एन प्रधान, रोटेरियन डॉक्टर जॉन लियु, मोहन आजाद और डॉक्टर अदिति की उपस्थिति रही। इस शिविर में कुल लाभार्थियों की संख्या 160 रही।

### गंभीर बीमारी से ग्रसित डीवीसी कर्मी को भी दी गई चुनाव ड्यूटी

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सिविल वाटर डिपार्टमेंट में भाल्व ऑपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मी अनिल घांसी विगत डेढ़ वर्ष से लीवर एवं किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। डीवीसी कर्मी का इलाज बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल के अलावा रांची एवं कोलकाता के फोर्टिस हॉस्पिटल से चल रहा है। बीमारी से ग्रसित डीवीसी के



भॉल्व ऑपरेटर का नाम लोकसभा चुनाव की लिस्ट में शामिल है। चुनाव को लेकर होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए डीवीसी कर्मी को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए चुनाव कोषांग बोकारो एवं डीवीसी के विभागीय अधिकारी द्वारा बार-बार मोबाइल पर फोन कर सूचित किया जा रहा है। शनिवार को डीवीसी कर्मी की तबीयत बिगड़ने पर उनके परिजन उसे आनन फानन में कोलकाता फोर्टिस हॉस्पिटल के लिए ले गये। डीवीसी कर्मी के परिजन इस बात को लेकर काफी परेशान हैं कि ऐसी परिस्थिति में जब वे अनिल का इलाज करा रहे हैं और वे स्वयं खड़ा होने की स्थिति में भी नहीं हैं तो चुनाव का प्रशिक्षण या डयूटी कैसे कर पायेंगे।

## चास गुरुद्वारा में नई कमेटी गठित



संवाददाता

**बोकारो ।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, चास (बोकारो) में रविवार को 11 सदस्यों की नई कमेटी का गठन किया गया।

पिछले दिनों दिनांक 10 अप्रैल 2024 को श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर के आदेशानुसार 11 सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया था। अकाल तख्त के आदेश अनुसार धर्म प्रचारक भाई चरणजीत सिंह की देखरेख में 11 सदस्यों की कमेटी पहले अमृत पान कराने के उपरांत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। धर्म प्रचारक भाई चरणजीत सिंह जी की मौजूदगी में 11 सदस्यों की उपस्थिति में सभी की सहमति से अध्यक्ष पद के लिए स. जसमीत सिंह सोढ़ी, उपाध्यक्ष स. हरपाल सिंह, सचिव स. सतनाम सिंह, उपसचिव स. मनदीप सिंह, कोषाध्यक्ष स. रविंदर सिंह, उप कोषाध्यक्ष स. इंद्रजीत सिंह एवं धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन स. हरबंस सिंह सलूजा एवं उप चेयरमैन स. साहिब सिंह जी को मनोनीत किया गया। वही निगरानी कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए बीबी अमरजीत कौर एवं उपाध्यक्ष पद के लिए बीबी राजवंत कौर एवं बीबी जसबीर कौर को मनोनीत किया गया। कमेटी के नए सदस्यों के साथ कुल 58 सिखों ने अमृत पान किया। धर्म प्रचारक भाई चरणजीत सिंह जी ने कहा की श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर के आदेशानुसार नई कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें सरदार तरसेम सिंह एवं सरदार भवनीत सिंह बिंद्रा का सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने नई कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि नई कमेटी गुरुद्वारा के सभी कार्यक्रमों का संचालन सुचारू रूप से करेगी।

# बीजीएच ने दूरबीन विधि से घुटने का सफल ऑपरेशन कर रचा इतिहास

संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा संचालित बोकारो जनरल हॉस्पिटल ने आज एक महत्वपूर्ण और इतिहास रचने वाला कार्य किया है, जिसमें एक अत्यंत जटिल घुटना चोट का सफलतापूर्वक दूरबीन ऑपरेशन किया गया है। यह ऑपरेशन बोकारो में पहली बार हुआ है और इसने स्थानीय चिकित्सा क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं। यह चोट एक कम उम्र के व्यक्ति को ऊंचाई से गिरने के कारण लगी थी, जिसमें उनके घुटने के विभिन्न लिगामेंट टूट गए थे। दूसरे मरीज की चोट घुटने के मुड़ने की वजह से गद्दे फट गए थे। इन दोनो मरीजों के ऑपरेशन की प्रक्रिया में चिकित्सकों ने दूरबीन तकनीक का उपयोग किया गया। चोट के इलाज में दूरबीन तकनीक का प्रयोग करने से चिकित्सकों ने छोटे से चीरों के माध्यम से घायल स्थान तक




पहुंचकर विभिन्न लिगामेंट्स का पुनः निर्माण किया है। इन ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य एक गंभीर घायल घुटने का संरक्षण के साथ-साथ, घायल घुटना के विभिन्न लिगामेंटों को पुनः स्थापित करना था। यह ऑपरेशन चिकित्सकों के लिए चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि चोट का स्थान अत्यंत संकीर्ण था और उसमें कई लिगामेंट्स और गद्दे प्रभावित थीं। इन ऑपरेशनों के परिणाम सकारात्मक हैं और रोगी की स्थिति में सुधार देखा गया है। इसके बाद, बोकारो के लोगों को रांची या कोलकाता जाने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि बोकारो जनरल हॉस्पिटल में अब उन्हें घुटना संबंधी जटिल ऑपरेशन के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस सफल ऑपरेशन में बीजीएच के विभिन्न चिकित्सक डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ विशाल मिश्रा, डॉ विभोर शर्मा, डॉ सुरेंद्र, डॉ प्रभात, डॉ सुमित कुमार, डॉ प्रीतपाल एवं अन्य जूनियर चिकित्सकों के अथक प्रयास से संभव हो पाया है। इस सफल आयोजन में बोकारो जिले के अन्य हड्डी रोग विशेषज्ञों डॉ रणबीर सिंह, डॉ ए.के. सिंह, डॉ आलोक की उपस्थिति और उनके विचारों और नवीनतम विधियों के पटल पर चर्चा हुई, जिससे जिले के मरीजों को अधिकाधिक लाभ हो सके। निश्चेतना विभाग के डॉ ए.के. दाम और उनकी टीम के सदस्य तथा श्रीमती बीना और श्रीमती अनिता ने बढ़ चढ़कर इसमें सहयोग दिया। यह सफल आयोजन बीजीएच के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ विभूति करुणामय एवं हड्डी रोग विभाग के इंचार्ज डॉ एम.एम. कुमार के संरक्षण में सम्पन्न किया गया। राजधानी रांची से आए डॉ आयान कुमार ने अपनी दक्षता और विभिन्न नई विधियों का प्रदर्शन इस लाइव टेलीकास्ट ऑपरेशन के दौरान किया। उल्लेखनीय है कि इन दोनों मरीजों का ऑपरेशन प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत किया गया, जो बोकारो जनरल हॉस्पिटल एवं बोकारो स्टील प्लांट के संकल्प को दशार्ती है।

## झारखंड में खुलकर सामने आया जदयू का अंतर्कलह

### खीरू महतो को अध्यक्ष मानने से किया इनकार

संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 स्थित जनता दल यू कार्यालय में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं की हुई बैठक में झारखंड में जदयू में अंतर्कलह का मामला खुलकर सामने आ गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व बियाडा अध्यक्ष जदयू के नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक तौर पर सांसद खीरू महतो अध्यक्ष नहीं हैं।

श्री चौधरी ने कहा कि जब वह अध्यक्ष थे, तब भी डेढ़ वर्षो में कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए और संगठन को सुदृढ़ और सशक्त बनाने की जगह दल को दिशाहीन कर नीतीश कुमार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग किया। आज उनके क्रियाकलाप से कार्यकताओं में आक्रोश है और इसका निदान नहीं होने के कारण पार्टी में शिथिलता आ गई है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार कोटे से एक महतो समुदाय के व्यक्ति को नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा सदस्य बनाना झारखंड के प्रति उनके स्नेहिल स्वभाव को दशार्ता है और पिछड़ों को सशक्त बनाना उनका मकसद था। लेकिन उन्होंने उस समुदाय को सशक्त बनाने के बजाय अपने सशक्तिकरण पर ज्यादा ध्यान दिया है। झारखंड में एक भी सीट लेने के लिए उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया, न रुचि दिखाई। श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने के बजाय पार्टी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीआईजी संजय रंजन जैसे लोगों को आने में बाधा उत्पन्न की।

श्री चौधरी ने कहा कि बैठक में कई साथियों ने लोकसभा चुनाव में समर्थन के सवाल पर अपना विरोध प्रकट किया। लेकिन उनका विरोध प्रत्याशी ढुल्लू महतो से नहीं, बल्कि पूर्व के विधानसभा चुनाव में बोकारो के कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा भीतरघात करने को लेकर था। नेताओं ने इस संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने पर काफी जोर दिया और इसके लिए अशोक चौधरी को जिम्मेदारी सोंपी। श्री चौधरी ने कहा कि मान-सम्मान किसी के देने से नहीं मिलता, आप को अपनी योग्यता के अनुसार मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में और सामाजिक जीवन में आपको अपमान सहने की कला भी आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आप पार्टी के स्थापना काल से जुड़े हुए पुराने साथी हैं। हम आपके विचारों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से पुनः 19 मई को बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया, जिसमे पार्टी नेतृत्व का निर्देश प्राप्त कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक का संचालन डॉ के कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करने वालो में प्रवीण कुमार, वाल्मीकि सिंह, कौशल राय, दिलीप महतो, प्रेम यादव, जनार्दन चौधरी, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार, तारकेश्वर प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विपक्ष के टूलकिट मुद्दों की निकली हवा

मृत्युंजय दीक्षित

जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करके राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला।

स्वतंत्रता के बाद देश में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है । जब से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता तमाम मंचों पर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। दोबारा चुनाव नहीं। इसके अतिरिक्त यह लोग प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो वायरल कर झूठ फैला रहे हैं। शाह के वीडियो प्रकरण में गिरफ्तारी भी हुई हैं।

चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री मोदी ने इस फर्जी वीडियो प्रकरण को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही। वो संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे बेनकाब कर रहे हैं। विपक्ष वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का अभियान चला रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने संघ के खिलाफ विष वमन किया था।

मायावती ने भी एक पुस्तक घर-घर बंटवाकर संघ को आरक्षण विरोधी करार करने की कोशिश कर चुकी हैं। अब समय बदल चुका है। यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है। दोनों दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त हैं। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संघ ने साफ कर दिया है कि वह हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है।



संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव है या आरक्षण देने के कारण हैं तब तक आरक्षण जारी रहे।

राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किए हुए हैं जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास ही हैं। अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई ।

सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया । कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है।

जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन कर-के राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल के बयान को मिथ्या बताया।

राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान और युवा दर्शन के लिए नहीं गया। सच यह है कि अब तक दो करोड़ से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हताश कांग्रेस और विपक्ष बार-बार अपनी पराजय का बहाना खोजने के लिए ईवीएम पर ही संदेह पैदा कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक गए। वहां से मिले जवाब से बोलती बंद हो गई है। जब कुछ नहीं मिला तो कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है। एक टूल किट की तरह इन आभासी मुद्दों को बार-बार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है । अपने झूठे और फरेबी टूल किट की वजह से वह गहरे दलदल में फंसता जा रहा है। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालांकि शुरू आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है। ताजा आरोप है कि पाकिस्तान शहजादेइ यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह चुनाव को प्रभावित करनेइ का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है। प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक



जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद हीअसहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्संदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। घर में घुस कर मारनेइ की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है। इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।

## सूक्ति

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।
- महाभारत

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। (कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं)
- गीता

## चिंतन-मनन

### नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए।

जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।

# राजनीति - वार पर वार करने से क्या फायदा ?



राकेश अचल

अजब राजनीति है ,गजब राजनीति है। आज की राजनीति में राजनीति पर बात ही नहीं हो रही। राजनीति पर बातचीत के अलावा हर विषय पर बात हो रही है। और तो और अब काल्पनिक उपाधियाँ राजनीति का विकल्प बन गयीं है विमर्श के लिए। राजनीतिक दलों को एक -दूसरे पर वार करते देख हमारे पड़ौसी पाकिस्तान ने भी हमारी सेना पर आतंकी हमला कर दिया । क्योंकि वार प्रति वार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी बार-बार पाकिस्तान को घसीट रहे थे ,जबकि बेचारा पाकिस्तान अपनी ही समस्याओं से बाहर निकल नहीं पा रहा है। बात शरू करते हैं उपाधियों से। माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जी ने कांग्रेस के नेता माननीय राहुल राजीव गांधी को शहजादे कहना शुरू किया तो कांग्रेस दस साल तो मौन रही लेकिन अब शाहजादे की सहोदरा प्रियंका ने मोदी जी को ही शंहशाह बताना शुरू कर दिया है। प्रियंका कहतीं है कि उनके भाई ने तो पैदल 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर भारत को जोड़ने की कोशिश की है लेकिन शंहशाह माननीय नरेंद्र भाई मोदी महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है ? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वो कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो. महंगाई से आप दब चुके हो. हर तरफ महंगाई, मेरी बहनें... मिट्टी का तेल आज कितने का है? सब्जी खरीदने जाती हो,मिलती है क्या? भाव क्या है उसका ?

आपको बता दूँ कि जैसे मै टीवी पर नेताओं के दर्शन नहीं करता, उनके प्रवचन नहीं सुनता वैसे ही अखबारों में भी नेताओं की बातों पर ध्यान नहीं देता । मै नौन,तेल ,लकड़ी से ही नहीं उबर पाता फिर भी सबकी बातें कानों में पड़ ही जातीं हैं। मै कभी-कभी सोचता हूँ कि यदि राहुल गांधी शाहजादे हैं तो फिर अम्बानी और अडानी के तो जिल्लेइलाही से बढ़कर ही होंगे,क्योंकि उनके पास तो राहुल गाँधी और नरेंद्र भाई मोदी से ज्यादा धन-दौलत है । अडानी और अम्बानी तो कभी देश जोड़ने सड़कों पर नहीं निकलते। उन्हें तो देश में नौन ,तेल,लकड़ी आटा का भाव मालूम नहीं होगा !

हमारे देश की जनता बड़ी भोली-भाली है ,आजकल तो आधी जनता अंधभक्ति में भी डूबी है। जनता माननीय मोदी जी की बात पर भरोसा कर जैसे राहुल गांधी को शाहजादा नहीं मान रही मुझे लगता है कि प्रियंका के कहने पर मोदी जी को शहंशाह नहीं मानेगी।बकौल मोदी जी कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विश्वास खो चुके हैं। इस समय देश में शहंशाह तो हमारे अमिताभ भाई बच्चन ही हैं। हाँ मोदी जी राजनीति के शहंशाह हो सकते हैं ,क्योंकि उनके पास सब कुछ है लेकिन एक अदद साइकल नहीं है।अब तो माँ भी नहीं है । पत्नी को वे पहले ही त्याग चुके हैं भारत में जिस देश के पास साइकिल भी न हो,माँ न हो ,पत्नी न हो उसे शहंशाह कहना भारत में शहंशाह रहे तमाम शंशाहों की तौहीन है। खुला अपमान है। बहरहाल दाल-भात में मूसलचंद की तरह माननीय मोदी जी ने जब बार-बार पाकिस्तान को भारत के चुनावों में घसीटा तो वो सचमुच भारत आ ही गया । पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिखा दिया कि पाकिस्तान के आतंकी किसी 56 इंच के सीने वाले से नहीं डरते। पाकिस्तान को इस हिमाकत की सजा मिलना चाहिए। मुमकिन है कि मतदान का तीसरा चरण पूरा होते-होते ये छोटा सा आतंकी हमला पुलवामा काण्ड की तरह बड़ा स्वरूप ले ले। भले ही ये सब देशहित में नहीं होगा लेकिन इससे सत्तारूढ़ दल की डूबती नाव तो बचाई जा सकती है। मुझे कभी -कभी आशंका होती है कि मोदी जी राहुल की तरह बार-बार पाकिस्तान को भी उकसाते रहते हैं कि -आ बैल मुझे मार मोदी जी सनातनी आदमी हैं। सनातन को मानते हैं लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को नही। वैसे ये उनके मन की बात है । पिछले दिनों जब इसरो के वैज्ञानिकों ने अपना तमाम कामकाज छोड़कर माननीय के निर्देश पर रामलला को सूर्यतिलक कराया था तब माननीय मोदी जी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अयोध्या नहीं गए था । उन्होंने अपने हैलीकाप्टर में ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बाकायदा अपने जूते उतारकर इस दृश्य को देखा था। लेकिन अब मोदी जी का मन बदल गया है। वे उत्तरप्रदेश में राहुल गांधी की वापसी के बाद अयोध्या जाकर न सिर्फ वहां रोड शो करेंगे बल्कि रामलला के दर्शन भी करेंगे । अब किसी आदर्श आचार संहिता का उललंघन नहीं होगा। हो भी जाये तो कौन परवाह करता है।? रामलला बड़े कि केंचुआ ? संयोग से हमारे देश की आदर्श चुनाव संहिता में चुनाव प्रक्रिया के चलते दल-बदल करने पर कोई रोक नहीं है। इसी का लाभ लेते हुए भाजपा कांग्रेस के हाथों से उनके बम ही नहीं छुड़ा रही बल्कि फेयर एंड लवली को भी अपनी पार्टी में शामिल करने से नहीं हिचक रही। एन मतदान के दिन तक दल-बदल स्वीकार कर रही है । मियाँ-बीबी राजी तो क्या करेगा काजी ? कांगेसी यदि भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो मोदी जी क्या करें ? शरणार्थी को वापस लौटा दें ? ये तो राजधर्म नहीं है न ? राम जी ने कभी बिभीषण और उसके बाद आने वाले राक्षसों को वापस लौटाया था क्या ? अर्थात रामभक्त और रामदास भाजपा का शरणार्थी शिविर खुला था सो खुला ही रहेगा कांग्रेसियों के लिए। कांग्रेस में जब भी किसी का दिल टूटे,उपेक्षा हो तो वो बेधड़क भाजपा में शामिल हो सकता है। भाजपा का कांग्रेसीकरण ही भाजपा कि प्राथमिकता है। कांग्रेसियों को शासन करने और भ्ष्टार्चार करने में महारत हासिल है और भाजपा को इसकी सख्त जरूरत है चार सौ पार करने के लिए। माननीय मोदी जी कितने दरियादिल हैं इसका उदहारण हाल ही में देखने में आया। माननीय मोदी जी ने बिहार में विहार करते हुए दरभंगा में पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव को भी शाहजादे की उपाधि दे दी। ठीक वैसे ही जैसे कि -जो संपति सिव रावनहि, दीन्हि दिएँ दस माथ।. सोइ संपदा बिभीषनहि, सकुचि दीन्हि रघुनाथ। मोदी जी आखिर मोदी जी हैं। किसी को भी राजा और किसीको भी रंक बना सकते हैं। अरविंद केजरीवाल को ही देख लीजिये। हेमंत को देख लीजिये। इधर अडानी को देख लीजिये ,अम्बानी को देख लीजिये। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। मोदी जी कि दरियादिली का लाभ पूर्व संसद बृजभूषण सिंह के बेटे को भी मिला और पंडित टैनी के बेटे को भी। मै इस आधार पर कह सकता हूँ कि जितना समाजवाद भाजपा में है उतना किसी और दल में नहीं। मुझे भी 7 मई को मतदान करने जाना है। सोच रहा हूँ कि मैं भी किसी शाहजादे कि तरह वोट डालने जाऊं । हालांकि मै शाहजादा नहीं हू। मेरे पिता सरकारी अफसर जरूर थे। हाँ मैंने कभी चाय नहीं बेचीं। शाहों के लड़के चाय बेचते भी नहीं हैं। वे क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को कंट्रोल करते हैं। कुल जमा ये कि आप इस उठापटक के बीच 7 मई को तीसरे चरण के मतदान में निष्ठा से हिस्सा लीजिये। आपको शहंशाह चुना है या जिल्लेइलाही ? ये आप खुद तय करें ?

# चुनाव में सभी दलों के निगाहें युवाओं पर टिकी

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। । पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नजर रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नजर हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98।6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20।4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12।8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं।जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96।8% पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47।15 लाख महिला मतदाता हैं और 49।7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1।5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1।82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। लेकिन अलगयुवा युवाओं के बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच विश्वास को लेकर कोई बड़ी बात नहीं है और यहां बताया गया है कि वे बीजेपी और नरेंद्र मोदी को क्यों पसंद करते हैं?क्योंकि वो मजबूत चेहरा के रूप में श्री नरेंद्र मोदीजी और उप्र के मुख्य मंत्री योगीजी उभरे हैं। 2019 में वोट बंटवारे से यह भी स्पष्ट हो गया कि विपक्षी दलों में बिना पेंदी के लोटा जैसा है और सभी पार्टियों के मन में प्रधानमंत्री का सपना है। चाहे युवा हों, महिलाएं हों या नए मतदाता हों, तीनों ही श्रेणियों में बीजेपी को कांग्रेस के मुकाबले बहुत ज्यादा समर्थन मिला है।क्योंकि कांग्रेस परिवारवाद से ऊपर नहीं उठ रही है और जिस तरह श्री राहुल गाँधी की भाषा पब्लिक के सामने आई है वो नहीं चाहती है देश और भी संकट में जाए इससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का चुनाव युवाओ और महिलाओ के कारण दिशा तय करेंगी इस शताब्दी के पूर्वार्ध में अनुमानित जनसंख्या वृद्धि चुनौतीपूर्ण है। अनुमान के आधार पर, मध्य शताब्दी तक 9 से 10 अरब लोग होंगे। वर्तमान जनसंख्या केवल 7 अरब से कम है, जिसका अर्थ है कि इस सदी की शुरूआत से मध्य तक लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कोई विशेष मॉडलों की सापेक्ष सटीकता पर बहस कर सकता है, लेकिन वे सभी इस बात से सहमत हैं कि आने वाले दशकों में खिलाने के लिए कई और अधिक मुंह होंगे। आईटी ने मानव प्रयास के कई अन्य पहलुओं को बदल दिया है और व्यापक सामाजिक आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सिस्टम बनाने में मदद की है। दरअसल, परिवहन, संचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियाँ बुनियादी कार्यों को करने के लिए भी पूरी तरह से आईटी पर निर्भर हैं। हालाँकि, सूचना और इसके स्वचालित तकनीकी अवतार ने कृषि को समान स्तर पर प्रभावित नहीं किया है। कृषि का महत्व कृषि एक प्रमुख क्षेत्र है जो आधुनिक मनुष्य के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। पौधे खाद्य श्रृंखला में उत्पादक हैं, और उनके बिना, जीवन चक्र संभव नहीं होगा। कृषि उपज, हालांकि अन्य खाद्य स्त्रोतों की तुलना में अच्छा है या खराब ये किसान आंदोलन से नहीं किसानों के वोट तय करेंगे किसान अपने फसलों का उपयोग कई खाद्य स्त्रोतों को स्वयं या उप-उत्पादों जैसे ब्रेड, पाउडर, अन्य वस्तुओं में कार्बनिक योजक आदि के माध्यम से उत्पादित करने के लिए किया जाता है। कृषि से प्राप्त उपज एक देश से दूसरे देश में व्यापार को बढ़ाती है, किसानों के लिए आय लाती है, अन्यथा बेकार पड़ी भूमि का उत्पादक उपयोग करती है, और मेज पर भोजन लाती है। यह हर किसी के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि इसे प्रत्यक्ष कारक के रूप में नहीं देखा जा सकता है क्योंकि उपज उन सभी के हाथों तक पहुंचने से पहले एक लंबा रास्ता तय करती है जो इससे लाभान्वित होते हैं। भारतीय कृषि भारत की जीडीपी में 18।6 प्रतिशत का योगदान देती है और लगभग 59 प्रतिशत भारतीय कृषि क्षेत्र से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। समाज के लिए इसके महत्व के कारण, इसे समय के साथ विकसित होना चाहिए और आधुनिक लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए समायोजित होना चाहिए। कृषि प्रगति को बेहतर बनाने में मदद के लिए आईटी को अपनाने और उसका उपयोग करने से, इन क्षेत्रों के मिलन से सभी को लाभ होता है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में हमारे राज्य ने पिछले पांच वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण पुरस्कार जीता है।

*- संजय गोस्वामी*



भगवान विष्णु परमेश्वर के तीन मुख्य रूपों में से एक हैं। विष्णु को विश्व का पालनहार माना जाता है। वे अपने चार हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। भगवान विष्णु अत्यंत दयालु हैं। उनकी शरण में जाने पर कल्याण हो जाता है। जो भक्त भगवान विष्णु के नामों का कीर्तन, स्मरण, उनके अर्चाविग्रह का दर्शन, वंदन, गुणों का श्रवण और उनका पूजन करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान विष्णु के दस अवतार माने जाते हैं। यह हैं– मत्स्य अवतार, वराह अवतार, कूर्म अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार, बुद्ध अवतार और कल्कि अवतार। इनमें कल्कि अवतार के बारे में कहा जाता है कि यह अवतार अभी होना है।

# विश्व के पालनहार माने जाते हैं भगवान विष्णु

भगवान विष्णु के 39 नाम माने जाते हैं जो इस प्रकार हैं– विष्णु, नारायण, कृष्ण, बैकुण्ठ, विष्टरश्रवस, दामोदर, हृषीकेश, केशव, माधव, स्वभू, दैत्यारि, पुण्डरीकाक्ष, गोविन्द, गरुड़ध्वज, पीताम्बर, अच्युत, शांगी, विष्वक्सेन, जनार्दन, उपेन्द्र, इन्द्रावरज, चक्रपाणि, चतुर्भुज, पद्मनाभ, मधुरिपु, वासुदेव, त्रिविक्रम, देवकीनन्दन, शौरि, श्रीपति, पुरुषोत्तम, वनमाली, बलिध्वंसी, कंसाराति, अधोक्षज, विश्वम्भर, कैटभजित, विधु और श्रवस्तलाञ्छन। भगवान विष्णु के शंख का नाम पाञ्चजन्य तथा चक्र का नाम सुदर्शन, गदा का नाम कौमोदकी खड्ग का नाम नन्दक और मणि का नाम कौस्तुभ है।

विष्णुधर्मोत्तर पुराण में वर्णन मिलता है कि लवणसमुद्र के मध्य में विष्णुलोक अपने ही प्रकाश से प्रकाशित हैं। उसमें भगवान श्रीविष्णु वर्षा ऋतु के चार मासों में लक्ष्मी द्वारा सेवित होकर शेष शय्या पर शयन करते हैं। बैकुण्ठ धाम के अन्तर्गत अयोध्या पुरी में एक दिव्य मण्डप है। मण्डप के मध्य भाग में रमणीय सिंहासन है। वेदमय धर्मादि देवता उस सिंहासन को नित्य घेरे रहते हैं।

धर्म, ज्ञान, ऐश्वर्य, वैराग्य सभी वहां उपस्थित रहते हैं। मण्डप के मध्य भाग में अग्नि, सूर्य और चंद्रमा रहते हैं।

कूर्म, नागराज तथा संपूर्ण वेद वहां पीठ रूप धारण करके उपस्थित रहते हैं। सिंहासन के मध्य में अष्टदल कमल है, जिस पर देवताओं के स्वामी परम पुरुष भगवान श्रीविष्णु लक्ष्मी के साथ विराजमान रहते हैं। भक्त वत्सल भगवान श्रीविष्णु की प्रसन्नता के लिए जप का प्रमुख मंत्र– ओम नमो नारायणाय तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय है।

पुराणों में विष्णु, शिव और ब्रह्मा को एक माना गया है। ये त्रिदेव सृष्टी के जनक हैं, पालनहार हैं, और संहारकर्ता हैं। विभिन्न पुराणों में दिये गये कथानकों के माध्यम से त्रिमूर्ति की शक्ति के बारे में पता चलता है। मत्स्यावतार में प्रलय काल के उपरान्त जीव की उत्पत्ति और बचाव का कथानक, कूर्मावतार में डोलती पृथ्वी को विशाल कछुए की पीठ पर धारण करने का कथानक, नृसिंहावतार में भक्त प्रह्लाद के पिता दैत्यराज हिरण्यकशिपु के वध का कथानक, वामनावतार में दैत्यराज बलि के गर्व हरण तथा तीनों लोकों को भगवान द्वारा तीन पगों में नापने का कथानक है, परशुरामावतार में क्षत्रियों के गर्व हरण का कथानक, रामावतार में राक्षस राज रावण के अहंकार को नष्ट कर उसके वध का कथानक, कृष्णावतार में कंस वध और महाभारत युद्ध में कौरवों के विनाश का कथानक और बुद्धावतार में जीव हत्या में लिप्त संसार के दुखीजन को अहिंसा का महान संदेश देने का कथानक समाज को सही राह तो दिखाते ही हैं साथ ही ईश्वर की परम शक्ति का अहसास भी कराते हैं।

# मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे श्री गणेश के सिद्ध मंत्र

**श्री** गणेश शक्ति और शिवतत्व का साकार स्वरूप है। इन दोनों तत्वों का सुखद स्वरूप ही किसी कार्य में पूर्णता ला सकता है। बुधवार को गणपति जी की विशेष पूजा अर्चना करने से आप के जीवन में आए हुए सभी प्रकार के दुख दर्द का नाश होता है, मान-प्रतिष्ठा बढ़ती है, आयुष्य और बल में वृद्धि होती है और सर्वत्र आप की कीर्ति फैलती है। श्री गणेश अपने भक्तों के समस्त विघ्नों को दूर करने के लिए विघ्नों के मार्ग में विकट स्वरूप धारण करके खड़े हो जाते हैं।

किसी भी शुभ कार्य के आरम्भ में भगवान् श्री गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। कहते हैं कि महादेव पुत्र श्री गणेश के नाम का शुद्ध चित्त भाव से चिंतन करने तथा उनकी श्रद्धा भाव से आराधना करते रहने से जीवन के कष्ट और दुर्भाग्य दूर होते हैं।

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे एकदन्त और चतुर्बाह हैं। अपने चारों हाथों में वे क्रमश पाश, अंकुश, मोदक पात्र तथा वर मुद्रा धारण करते हैं। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा पीत वस्त्र धारी हैं। वे रक्त चंदन धारण करते हैं तथा उन्हें रक्त वर्ण के पुष्प विशेष प्रिय हैं। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी सममत मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

श्री गणेश का मन्त्र जप करने से मन में सदविचार और सकारात्मक भाव आने लगते हैं। जिन मनुष्यों का आत्म विश्वास कमजोर होता है उनमें भी श्री गणेश की आराधना से विश्वास की भावना मजबूत होने लगती है। श्री गणेश मंत्र जप के लिए श्री गणेश जी की प्रतिमा को पीत वस्त्र से ढंकी चौकी पर स्थापित करके सिंदूर, अक्षत, जनेऊ, बूंदी या बेसन का लड्डू, मिठाई आदि समर्पित करते हुए पूर्ण श्रद्धा भाव से श्री गणेश का पूजन करना चाहिए।

श्री गणेश जी से अपने द्वारा किए हुए गलत कार्यों को क्षमा करने की प्रार्थना करते हुए सुख, समृद्धि, सौभाग्य एवं शांति की कामना करनी चाहिए। शीघ्र फल प्राप्ति के लिए प्रत्येक बुधवार अथवा माह की चतुर्थी तिथि को उपवास रखते हुए पूर्ण विश्वास और शुद्ध आचरण के साथ श्री गणेश का पूजन एवं उपासना करनी चाहिए।

पूजन विधि- सुबह नित्य कर्मों से निवृत्त होकर भगवान श्री गणेश का पंचोपचार पूजन करें। उन्हें दुर्वा व फूल चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं और इस मंत्र का जप पन्ने की माला से करें।

**मंत्र–** नमस्तस्मै गणेशाय ब्रहविद्यारदायिने। यस्यागस्त्यायते नाम विघ्वसागरशोषणे।।...

**बिगड़े काम बनाने के लिए बुधवार को गणेश मंत्र का स्मरण करें–**

त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय। नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम्।

अर्थात भगवान गणेश आप सभी बुद्धियों को देने वाले, बुद्धि को जगाने वाले और देवताओं के भी ईश्वर हैं। आप ही सत्य और नित्य बोधस्वरूप हैं। आपको मैं सदा नमन करता हूं।




# पिता के अनन्य भक्त थे भगवान परशुराम



भगवान विष्णु के पांचवें अवतार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को प्रदोषकाल के समय हुआ था। पौरागिक ग्रंथों में बताया गया है कि पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पांचवें पुत्र का नाम राम ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्न करके उनके दिव्य अस्त्र परशु प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार होने के साथ ही ब्राम्ह्ण जाति के कुल गुरु भी हैं इसलिए इनकी जयंती देशभर में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है।

भगवान परशुराम अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से इनकी माता की स्थिति यथावत हो गई। दरअसल कथाओं के अनुसार हुआ यह था कि एक बार माता रेणुका स्नान के लिए नदी किनारे गईं, संयोग से वहीं पर राजा चित्ररथ भी स्नान करने आया था, राजा चित्ररथ सुंदर और आकर्षक था। राजा को देखकर रेणुका भी आसक्त हो गईं, किंतु ऋषि जमदग्नि ने अपने योगबल से अपनी पत्नी के इस आचरण को जान लिया। उन्होंने आवेशित होकर अपने पांचों पुत्रों को अपनी मां का सिर काटने का आदेश दिया। किंतु परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों ने मां के स्नेह के बंधकर वध करने से इंकार कर दिया, लेकिन परशुराम ने पिता के आदेश पर अपनी मां का सिर काटकर अलग कर दिया। क्रोधित ऋषि जमदग्नि ने आज्ञा का पालन न करने पर परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों को चेतनाशून्य हो जाने का शाप दे दिया, वहीं परशुराम को खुश होकर वर मांगने को कहा। तब परशुराम ने पूर्ण बुद्धिमत्ता के साथ वर मांगा। जिसमें उन्होंने तीन वरदान मांगे- पहला, अपनी माता को फिर से जीवन देने और माता को मृत्यु की पूरी घटना याद न रहने का वर मांगा। दूसरा, अपने चारों चेतनाशून्य भाइयों की चेतना फिर से लौटाने का वरदान मांगा। तीसरा वरदान स्वयं के लिए मांगा जिसके अनुसार उनकी किसी भी शत्रु से या युद्ध में पराजय न हो और उनको लंबी आयु प्राप्त हो।

श्रीजमदग्नि जी के आश्रम में एक कामधेनु गौ थी, जिसकी अलौकिक ऐश्वर्य शक्ति को देखकर कार्तवीर्यार्जुन उसे प्राप्त करने के लिए दुराग्रह करने लगा था। अंत में उसने गौ को हासिल करने के लिए बल का प्रयोग किया और उसे माहिष्मती ले आया। किंतु जब परशुराम जी को यह बात विदित हुई तो उन्होंने कार्तवीर्यार्जुन तथा उसकी सारी सेना का विनाश कर डाला। जिस पर पिता ने परशुराम जी के इस चक्रवर्ती सम्राट के वध को ब्रम्ह् हत्या के समान बताते हुए उन्हें तीर्थ सेवन की आज्ञा दी। वे तीर्थ यात्रा पर चले गये, वापस आने पर माता-पिता ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

दूसरी ओर सहस्त्रार्जुन के वध से उसके पुत्रों के मन में प्रतिशोध की आग जल रही थी। एक दिन अवसर पाकर उन्होंने छद्म वेष में आश्रम आकर जमदग्नि का सिर काट डाला और उसे लेकर भाग निकले। जब परशुराम जी को यह समाचार ज्ञात हुआ तो वे अत्यन्त क्रोधावेश में आग बबूला हो उठे और पृथ्वी को क्षत्रिय हीन कर देने की प्रतिज्ञा कर ली तथा 21 बार घूम-घूमकर पृथ्वी को निःक्षत्रिय कर दिया। फिर पिता के सिर को धड़ से जोड़कर कुरुक्षेत्र में अन्त्येष्टि संस्कार किया। पितृगणों ने इन्हें आशीर्वाद दिया और उन्हीं की आज्ञा से इन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी प्रजापति कश्यपजी को दान में दे दी और महेन्द्राचल पर तपस्या करने चले गये।

सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिव-धनुष भंग किये जाने पर वह महेन्द्राचल से शीघ्रतापूर्वक जनकपुर पहुंचे, किंतु इनका तेज श्रीराम में प्रविष्ट हो गया और ये अपना वैष्णव धनु उन्हें देकर पुनरू तपस्या के लिए महेन्द्राचल वापस लौट गये। मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम के क्रोध का सामना गणेश जी को भी करना पड़ा था। दरअसल उन्होंने परशुराम जी को शिव दर्शन से रोक दिया था। क्रोधित परशुराम जी ने उन पर परशु से प्रहार किया तो उनका एक दांत नष्ट हो गया। इसी के बाद से गणेश जी एकदंत कहलाये।

भगवान परशुराम चिरजीवी हैं। ये अपने साधकों-उपासकों तथा अधिकारी महापुरुषों को दर्शन देते हैं। इनकी साधना-उपासना से भक्तों का कल्याण होता है। पौराणिक मान्यता है कि वे आज भी मन्दराचल पर्वत पर तपस्यारत हैं। ऋषि संतान परशुराम ने अपनी प्रभुता व श्रेष्ठवीरता की आर्य संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी। शैव दर्शन में उनका अद्भुत उल्लेख है जो सभी शैव सम्प्रदाय के साधकों में स्तुत्य व परम स्मरणीय है। देश में अनेक स्थानों पर भगवान जमदग्नि जी के तपस्या स्थल एवं आश्रम हैं, माता रेणुका जी के अनेक क्षत्र हैं, प्रायरू रेणुका माता के मंदिर में अथवा स्वतंत्र रूप से परशुराम जी के अनेक मंदिर भारत भर में हैं, जहां उनकी शांत, मनोरम तथा उग्र रूप मूर्ति के दर्शन होते हैं।

परशुराम दरअसल राम के रूप में सत्य के संस्करण हैं, इसलिए नैतिक-युक्ति का अवतरण हैं। भगवान परशुराम को उनके हठी स्वभाव, क्रोध और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने जीवन के लिए अपने ही नियम बना रखे थे। परशुराम जयंती के शुभ दिन उनके चरित्र का स्मरण और अनुसरण कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। भगवान शिव, परशुराम जी के गुरु हैं। वह तेजस्वी, ओजस्वी, वर्चस्वी महापुरूष हैं।

## वास्तु

# घर की सुरक्षा और अनेक बाधाओं को दूर करने के उपाय

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का मुख्य दरवाजा कैसा हो जिससे घर में सुख, शांति एवं समृद्धि की वृद्धि होती रहे, इसका ज्ञान अवश्य होना चाहिए। थोड़ी–सी अज्ञानता के कारण वास्तुदोष उत्पन्न हो जाते हैं और घर में कलह, अशांति आदि की वृद्धि होने लगती है। ऐसा न हो, इसकी जानकारी यहां प्रस्तुत की जा रही है :–

1 पेड़ जहां भी लगे होते हैं, वहीं पर छाया एवं ठंडक रहती है। पेड़ अगर फलदार होता है तो और भी अच्छा है, किन्तु वास्तुशास्त्र के अनुसार घर के मुख्यद्वार के सामने वृक्ष होना अशुभ माना जाता है। वृक्ष होने के कारण गृहस्वामी अधिकतर बीमार रह सकता है तथा उस पर एक न एक मुसीबतें आती ही रहती हैं। इसके अलावा कोर्ट केस पुलिस



केस सहित अन्य मुसीबतें भी आ सकती हैं।

2 फेंग-शुई के अनुसार गृहस्वामी एवं परिवार के सदस्यों पर मुख्य द्वार पर पेड़ होने के कारण अनेकानेक मुसीबतें आती ही रहती हैं। अगर पेड़ हो ही और काटना असंभव हो तो मुख्य द्वार के ऊपर बाहर की ओर अष्ट कोणीय दर्पण (आईना) लगा देने से नकारात्मक ऊर्जा परावर्तित होकर वापस बाहर की ओर चली जाती है। इससे मुख्य द्वार का दोष समाप्त होकर घर में सुख-शांति की वृद्धि होने लगती है।

3 घर के दरवाजे के पास पानी होना बहुत ही मंगलकारी माना जाता है। उत्तर, पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर अगर घर का मुख्य द्वार है और वहां पानी हो तो अत्यंत शुभकारक होता है। दरवाजे के पास एक पानी का पात्र सावधानी से रख देना हितकारी है।

4 पानी से भरे हुए पात्र को दरवाजे के पास केवल बाईं ओर ही रखें ताकि जब आप घर में खड़े हों और बाहर की ओर देख रहे हों तो वह जल पात्र आपके बाईं ओर ही रहे। दरवाजे के दाईं ओर पानी नहीं रखना चाहिए। इसका परिणाम यह होता है कि गृह स्वामी किसी अन्य महिला के प्रति आकर्षित हो सकता है।

5 दिनांक एवं वार आदि के साथ-साथ व्रत-त्यौहार आदि देखने के लिए कैलेंडर का उपयोग हर घर में किया जाता है। कैलेंडर को किसी भी दरवाजे के आगे या पीछे की ओर अथवा दरवाजे के मार्ग में कभी भी नहीं लटकाना चाहिए। फेंगशुई के अनुसार दरवाजे के ऊपर कैलेंडर लटकाने से घर के सदस्यों की आयु क्षीण होती है। मुख्य द्वार के ऊपर कैलेंडर लटकाना विशेष रूप से हानिकारक एवं दोषपूर्ण माना जाता है। प्रतीकात्मक रूप से इसका अर्थ यह होता है कि आपकी जिन्दगी के कितने दिन शेष बचे हैं? कैलेंडर को किसी अन्य जगह पर लगा कर इस दोष को सुधारा जा सकता है।

6 मकान में प्रतिवर्ष कुछ न कुछ मुरम्मत, रंग-रोगन, सफाई इत्यादि का कार्य करवाना ही होता है। अगर मकान का मुख्य द्वार अन्य निर्माण कार्य के कारण अवरुद्ध हो रहा हो तो यह फेंग-शुई के अनुसार खराब माना जाता है। इसके कारण गृह स्वामी को हृदयाघात तक हो सकता है। किसी भी कारण से मुख्य द्वार के सामने बांस-बल्ली न गाड़ कर थोड़ा हट कर ही गाडऩा चाहिए। अगर ऐसा करना अत्यंत ही आवश्यक हो तो द्वार के चौखट के पास सात सिक्कों को गाड़ देना चाहिए। इससे दोष मिट जाता है।

7 घर के मुख्य द्वार के सामने से सीढ़ी या लिफ्ट को नहीं लगाना चाहिए। लिफ्ट का दरवाजा बार-बार खुलता एवं



बंद होता रहता है। इसके प्रभाव से गृह स्वामी के भाग्य एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अगर ऐसा है तो मुख्य द्वार पर बाहर की ओर से अष्टकोणीय दर्पण लगवा दें। इसके अलावा मुख्य द्वार की दहलीज को भी थोड़ा ऊंचा कर देना चाहिए।

8 मुख्य द्वार के ठीक सामने गाय, बैल, भैंस, कुत्ता आदि किसी भी पालतू पशु को नहीं बांधना चाहिए। ऐसा होने पर घर के अंदर शुभ स्थितियों का प्रवेश बंद हो जाता है। मुख्य द्वार के सामने पशुओं के बंधे रहने से घर की स्त्रियों पर कुप्रभाव पडऩे लगता है। फेंग-शुई के अनुसार घर के मुख्य द्वार के सामने तोता या अन्य पिंजरा रखना भी हितकारी नहीं माना जाता है। पिंजरे को मुख्य द्वार से कुछ हटा कर रखना चाहिए।

9 घर के प्रवेश द्वार के ऊपर ऐसे स्थान पर गणपति का चित्र लगाना चाहिए जिससे द्वार से निकलते समय गणपति सम्मुख सामने हों। द्वार के बाहर दोनों ओर स्वस्तिक का चिन्ह लाल रंग से बना देना शुभ होता है तथा बाधाएं घर के अंदर प्रवेश नहीं कर पातीं।

इस प्रकार कुछ विधियों को अपना कर घर की सुरक्षा की जा सकती है और अनेक बाधाओं से दूर रहा जा सकता है।

# कांग्रेसियों ने सीमांचल और मिथिलांचल के लोगों को ठगने का काम किया : अश्विनी चौबे



अररिया। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बक्सर के सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने विपक्षी पार्टी के बने गठबंधन इंडी एलायंस को महाठगबंधन, घमंडिया गठबंधन और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन करार दिया।अररिया के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़े सन 74 के छात्र आंदोलन के अपने को अनुयायी कहने वाले लालू प्रसाद ने उनके सपने को चकनाचूर करने का काम किया।उनको सजा हो चुकी है,लेकिन अपने केके सजायाफ्ता न्हों मानते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद के काल को याद करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कौन कौन से घोटाले नहीं हुए।उनका कार्यकाल बिहार को 25 साल पीछे धकेलने का काम किया।उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन के समय भी उन्होंने एक लाख कूपन का हिसाब नहीं दिया था,जिसको लेकर जेपी ने उनको डांट भी लगाई थी।माय समीकरण तो भूरा बाल साफ करो का नारा देने वाले तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वंशवाद को बढ़ावा दिया। अपने परिवार के चार चार लोगों को टिकट दिया।यादव मुसलमान के आंखों में धूल झोंकने का काम किया।

मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के निशाने पर कांग्रेस के राहुल गांधी भी रहे।उन्होंने कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए युवराज आज संविधान खतरे की बात कह रहे हैं।लेकिन उस समय का क्या,जब कांग्रेस ने दर्जनों बार संविधान को तोड़ मरोड़ कर धज्जियां उड़ाई।उन्होंने इंडी एलायंस के लोगों को नकली लोग करार देते हुए कहा कि महाठगबंधन, घमंडिया और चंडाल चौकड़ी की जमात है। उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव केवल खानदानवाद,परिवारवाद और वंशवाद को पालने पोसने के लिए लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में काम करके दिखा दिया कि विकास क्या होता है। कांग्रेस के लोगों में मिथिलांचल और सीमांचल को शुरू से ठगने का काम किया।उन्होंने सीमांचल को अंग जनपद और मिथिलांचल का सम्मिश्रण करार दिया।

## भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है

फारबिसगंज। भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के पक्ष में प्रचार करने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पहुंचे और उन्होंने अररिया में एक बार फिर इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह लोग कभी मायी समीकरण बनाते हैं, तो कभी भूरा बाल साफ करने का नारा देते हैं। अपने खानदान को आगे बढ़ाने की बात करते हैं। जबकि भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग राजग के पक्ष में मतदान करें और फिर से एक बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले 26 अप्रैल को जो अररिया में मोदी जी यात्रा हुई थी । सचमुच में लोगों के अन्दर जो कंफ्यूजन होगा और कन्फ्यूजन लगभग समाप्त हो गया होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि देश में विकास के नाम पर वोट होगा । अटल बिहारी वाजपेई पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे , जिन्होंने देश की धारा को बदलने का प्रयास किया है। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए मोदी जी ने चार चांद लगाने का काम किया है।

# जेल से बाहर आए बाहुबली अनंत सिंह

□ कहाः ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे



पटना। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है। पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया।

जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है।

उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

## संक्षिप्त

### बिहार पहुंचे आध्यात्मिक गुरु रविशंकर ने की महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना



पटना। आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर रविवार को बिहार के गया जिले में पहुंचे। वे सबसे पहले महाबोधि मन्दिर गये। यहां मंदिर के पुजारी भंते डॉ. दीनानाथ ने उनका स्वागत किया और मंदिर के गर्भगृह में मंत्रोचार के साथ भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना कराई। रविशंकर ने पवित्र बोधि वृक्ष के पास कुछ देर ध्यान भी किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में रविशंकर ने कहा कि यहां आकर उन्हें अपार शांति मिली। बुद्ध की शांति के संदेश का दुनियाभर के लोगों को जरूरत है, जहां युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं वहां के लोगों को बुद्ध के पथ ध्यान शांति और अहिंसा पर चलना चाहिए। गुरु रविशंकर के आगमन पर गया में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। उसकी सुरक्षा में बोधगया के एसडीपीओ सौरव जयसवाल और बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

### अज्ञात युवती का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

भागलपुर। जिले के सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर खैरा के सीमा पर साहेब कोठी बहियार में रविवार को एक बीस वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा शव की मिलने की सूचना सजौर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सजौर थानाध्यक्ष सूरज सिंह सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या से संबंधित मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पूर्व युवती को किसी धारदार हथियार से हत्या कर दरियापुर एवं खैरा के बीच सीमा पर साहेब कोठी के सुनसान बहियार में फेंक दिया था। वहीं शव को देखने से पता चलता है कि साक्ष्य को छुपाने का भी प्रयास किया गया है।

### किशनगंज में एक साथ पांच बच्चों का जन्म, जच्चा-बच्चा सभी स्वस्थ



किशनगंज। जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया है। इसके बाद लोग हैरान हैं और यह घटना सभी के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई है। कोई इसे उपर वाले का करिश्मा मान रहा है तो इसके पीछे के वैज्ञानिक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है। आम तौर पर एक महिला एक ही बच्चे को जन्म देती है। हालांकि, गर्भधारण के समय बदलाव होने पर जुड़वा बच्चों का भी जन्म होता है, लेकिन एक साथ पांच बच्चों का जन्म होना बहुत ही विरली घटना है। कई बार एक साथ दो या तीन बच्चों को जन्म देने के मामले भी सामने आते हैं, लेकिन किशनगंज की इस महिला ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म देकर सभी को हैरानी में डाल दिया। मामला किसी अजूबे से कम नही है। महिला जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के कनकपुर पंचायत अंतर्गत जालमिलिक गांव की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक ताहेरा बेगम को प्रसव पीड़ा होने के बाद निकटवर्ती इस्लामपुर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया था। जहां महिला ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया। एक के बाद एक बच्चियों को जन्म लेता देख चिकित्सक और कर्मी भी हैरान हो गए। पांच बच्चों के जन्म देने की खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय है। चिकित्सकों के मुताबिक पांचों बच्चियां और उनकी मां बिलकुल स्वस्थ्य हैं। बच्चियों के जन्म के बाद परिजनों में हर्ष का माहौल है।

### ऑटो और एंबुलेंस में टक्कर, दो लोग घायल

भागलपुर। जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र के नौलखा के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर रविवार को एंबुलेंस और ऑटो में टक्कर हो गयी। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब यात्री से भरा ऑटो भागलपुर स्टेशन से सबौर की ओर जा रही थी। इसी दौरान नौलखा के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में ऑटो का आधा हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है और एंबुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर में ऑटो पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई है।

# तस्लीमुद्दीन के नक्शे कदम पर चल रहा है उनका बेटा : तेजस्वी



एजेंसियां, अररिया

अररिया में तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई को हैं। मतदान के लिए प्रचार के अंतिम दिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने रविवार को जोकीहाट के उदाहाट और भरगामा के महथावा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद के साथ वीआईपी के मुकेश कुमार सहनी और कांग्रेस विधायक दल के नेता डा.शकील अहमद खान ने भी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के लिए आमजनों से वोट की अपील की। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रहे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इतना झूठ बोलते हैं कि गोबर को भी हलवा बना देते हैं।उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में भाई बहन कहने वाले भाइयों और बहनों के लिए क्या किया,कोई ख्याल नहीं रखा।उन्होंने कहा कि बिहार देश की दशा और दिशा लिखने का शुरू से किया है और इस बार भी बिहार देश की दशा और दिशा लिखेगी। उन्होंने इस बार इंडी गठबंधन के सरकार बनने का दावा किया।उन्होंने कहा कि 17 माह के अल्पावधि में उन्होंने साढ़े बारह लाख युवाओं के भविष्य संवारने का काम किया।उन्होंने सरकार बनने पर सबसे पहले अग्निवीर योजना समाप्त कर पुराने तरीके से बहाली करने की बात कही।उन्होंने राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम की बड़ाई करते हुए कहा कि अभिभावक मरहूम तस्लीमुद्दीन सीमांचल के गांधी के पुत्र हैं शाहनवाज आलम और उनके नक्शे कदम पर चल रहे हैं।

## मोदी फिर सत्ता में आये तो संविधान ही समाप्त करे देंगे : लालू

पटना। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी पर एक बार फिर जमकर हमला किया है। लालू ने कहा कि अगर मोदी फिर सत्ता में आये तो संविधान को भी समाप्त कर देंगे। इसलिए इस बार का लोकसभा चुनाव मरने नहीं जिंदा रहने की लड़ाई है। साथ ही कहा कि देश की 140 करोड़ जनता भी इसको लेकर गंभीर है। लालू ने सोशल मीडिया पर जारी किए गए एक बयान में कह कि अगर फिर केंद्र में मोदी सरकार आई तो संविधान ही समाप्त कर देगी। इससे लोकतंत्र और आरक्षण खत्म हो जाएगा। लालू ने कहा कि युवा बिना नौकरी और नौजवान रोजगार के बिना ही रह जाएंगे। साथ ही कहा कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीर जैसी योजना लागू हो जाएगी। किसान अपना अधिकार मांगते-मांगते रह जाएगा। नफरत और विभाजन की मांग बढ़ने लगेगी। साथ ही एक दशक में बर्बाद संवैधानिक संस्थाओं की बची हुई स्वायत्तता भी समाप्त हो जाएगी। लालू सहित इंडिया गठबंधन इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी पर संविधान और आरक्षण खत्म करने का आरोप लगा रहा है।



# लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान के सिमरी बख्तियारपुर के रोड शो में उमड़ी भीड़

सहरसा। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के लोजपा (आर) के प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान ने सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद मुख्य बाजार के विभिन्न इलाकों में रोड शो कर मतदाताओं से समर्थन मांगा। इस दौरान चिराग पासवान की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कई जगहों पर चिराग पासवान पर फूलों की बारिश भी की गयी। रोड शो के क्रम में सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद उच्च विद्यालय मैदान से स्टेशन चौक पर दुर्गा स्थान मंदिर में मां दुर्गा को प्रणाम कर मुख्य बाजार, ब्लांक रोड़, डाक-बंगला चौराहा, पुरानी बाजार, रानीबाग, मालगोदाम रोड होते हुए पुनः उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंच कर हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर गए। साथ में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा भी साथ में थे। रोड़ शो में चारपहिया वाहन एवं मोटरसाइकिल का काफिला भी साथ चल रहा था।

मौके पर लोजपा सुप्रीमो ने कहा कि ''लोकतंत्र का यह महोत्सव देश एवं प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने का माध्यम है। इस महापर्व का उत्सव सभी मतदाता हर्ष एवं उल्लास से मनाएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपकी भागीदारी से ही लोकतंत्र की नींव और मजबूत होगी। उन्होंने खगड़िया लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा को अजेय बहुमत से जिताने की अपील की। एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि खगड़िया लोकसभा के विकास के लिए अपना बहुमूल्य वोट हेलीकॉप्टर छाप देकर विजई बनाए। मैं खगड़िया के जनमानस के सपनों को साकार रूप देने का कृतसंकल्पित हूं।

## पेज एक का शेष

### एससी-एसटी व...

उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस की बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। ये लोग लगातार झूठ बोलेंगे, उससे चाहे देश का, समाज का कितना ही नुकसान क्यों न हो। इन लोगों ने देश को कोरोना के संकटकाल में भी नहीं छोड़ा था। मोदी तब एक-एक जीवन बचाने में जुटा था। देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा के, कांग्रेस के लोग इसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी चुपके टीके लगवाते थे, लेकिन टीवी पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और पाप मोदी के माथे पर लगे।

सपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब ये हमारा लोकतंत्र और हमारे संविधान को लेकर झूठ फैलाने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। क्योंकि मोदी ने इनके तुष्टिकरण की पोल खोल दी है। हमारे संविधान निर्माताओं ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा, लेकिन अब सपा-कांग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण छीनकर धर्म के आधार पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने रातों-रात सभी मुस्लिमों को ओबीसी घोषित कर दिया।प्रधानमंत्री ने कहा कि, कोई मैनपुरी, कन्नौज और इटावा को अपनी जागीर मानता है, तो कोई अमेठी-रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। लेकिन मोदी की विरासत...गरीब का पक्का घर है, देश की करोड़ों महिलाओं को मिला शौचालय है, दलित, पिछड़ों को मिला बिजली, घर, नल है, गरीबों को मिला मुफ्त राशन है, मुफ्त इलाज है, बच्चों को मिली नई शिक्षा नीति है।

### प्रधानमंत्री 12 और 16 मई को आएंगे झारखंड, करेंगे जनसभा

रांची। झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आएंगे। इस दौरान वे चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को झारखंड आएंगे। वे चतरा लोकसभा के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को भी झारखंड आएंगे। वे गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह 8 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का झारखंड से गहरा लगाव है। उन्होंने झारखंड की धरती से ही आयुष्मान भारत योजना के लॉन्चिंग की थी। इस योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपए का इलाज अस्पतालों में करा सकते हैं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जाने वाले नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाने की शुरुआत की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के लोगों से दिल से जुड़े हुए हैं। केंद्र में सत्ता में आने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की कई योजनाओं की लॉन्चिंग झारखंड के धरती से की।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद...

इस दौरान लोगों ने मोदी-मोदी और जयश्री राम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राम मंदिर पहुंचने से पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। सीएम योगी ने राम लला के दर्शन और पूजन किए और पीएम मोदी के आगमन को लेकर पूरी व्यवस्था का जायजा लिया।

### सीबीआई ने घूस...

इसके माध्यम से आरोपी द्वारा सतही कार्य यानी वेटब्रिज, सेंट्रल पूल साइडिंग पर प्रतिनियुक्त किया गया था। आरोपी ने उस कार्य के लिए रिश्वत की मांग की। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते धर दबोचा। परिसर की तलाशी के दौरान कई कागजात भी बरामद किए गए।

### मानकी-मुंडा व्यवस्था...

**बंद करा दिया 5000 प्राथमिक स्कूल** : सीएम चंपाई ने कहा कि भाजपा 15-15 लाख देने का वादा कर और अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता में आयी, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं की। भाजपा राज्य के आदिवासी-मूलवासियों को अशिक्षित रखना चाहती है, इसलिए उसने 5000 प्राथमिक विद्यालय को बंद करवा दिया। इसलिए यहां की जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव में कोल्हान से पार्टी का सुपड़ा साफ कर दिया। भाजपा ने षड्यंत्र रचकर हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसाकर जेल भेज दिया। जनसभा को मंत्री बन्ना गुप्ता, महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी, मझगांव विधायक नीरज पूर्ति आदि ने भी संबोधित किया।

### झारखंड में आज...

इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में पड़ने की संभावना है। इसी तरह उत्तर-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात की आशंका है। इसका असर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा जिले में देखने को मिलेगा।

**इन जिलों में पड़ेंगे ओले** : केंद्र के अनुसार 7 मई को रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर जिले में कहीं-कहीं ओला पड़ने की आशंका है।

### मेरे जीवन का...

उन्होंने मुझसे कहा "राजा साहब, आप भाग्यशाली हैं कि आपको न खाने की कमी है, न गहनों की, न घर की। इसलिए आप बस नाम कमाओ।'दिग्विजय ने आगे लिखा कि मैंने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन में बस यही करने की कोशिश की। उसमें मैं कितना सफल हुआ, इसका आकलन आप लोग ही कर सकते हैं। यह मेरे जीवन का आखिरी चुनाव है। आप ही यह तय करेंगे कि मैं इसमें कितना सफल हुआ।

### चतरा में 50...

वह कई सामाजिक संस्थान व संगठन से जुड़ा हुआ है और समाजसेवी की आड़ में यह धंधा करता था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया। एसपी विकास कुमार पांडेय ने कहा कि गिरफ्तार दो सहायक पुलिस व एक व्यक्ति को जेल भेज दिया गया। दोनों सहायक पुलिस की सेवा समाप्त की जायेगी।

पुलिस का सहयोग लेकर लुटते थे पैसे : गिरफ्तार अपराधी बहुत ही सुनियोजित तरीके से लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। पहले तस्करों को ब्राउन शुगर का सैंपल दिखाते थे, इसके बाद उन्हें मोटी रकम लेकर चिन्हित स्थल पर बुलाते थे। इसके बाद बिना ब्राउन शुगर दिये तस्करों से पैसा लूट लेते थे। कुछ सहायक पुलिस का सहयोग लेकर घटना को अंजाम देते थे। सहायक पुलिस की मिलीभगत से इस तरह का लूटपाट किया जा रहा था। वाहन में हमेशा पुलिस वर्दी रखते थे। वाहन के आगे बोर्ड में एंटी क्राइम ऑर्गेनेजेशन प्रेसीडेंट चतरा लिखा हुआ है।

### मथुरा प्रसाद महतो...

बता दें कि गिरिडीह लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये आगामी 25 मई को मतदान होना है। इस सीट के लिये नामांकन की अंतिम तिथि 07 मई एवं नाम वापसी की तिथि 09 मई निर्धारित की गई है।

आसन्न लोकसभा चुनाव में गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन ने जहां आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी को पुनः अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं इंडी गठबंधन ने झामूमो के मथुरा प्रसाद महतो को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**दूसरी बार चुनाव लड़ेंगे सीपी चौधरी** : एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी वर्ष 2019 के चुनाव में पहली बार यहां से लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उन्होंने झामुमो के जगन्नाथ महतो को पराजित कर चुनाव जीता था। उस वक्त चन्द्र प्रकाश चौधरी को 6,48,277 वोट मिले थे। जबकि झामूमो के जगन्नाथ महतो को 3,99,930 मत प्राप्त हुए थे। विगत लोक सभा चुनाव में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिनमें इन दोनों प्रत्याशियों को छोड़ सभी प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले थे। वर्ष 2019 के चुनाव में नोटा को 19,708 मतदाताओं ने पसंद किया था। आसन्न चुनाव में पुनः सीपी चौधरी एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

**पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे मथुरा प्रसाद महतो** : आसन्न चुनाव में गिरिडीह लोकसभा सीट से पहली बार झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं। वर्ष 1952 में गठित गिरिडीह लोकसभा सीट से अब तक तीन बार झामुमो के उम्मीदवार ने चुनाव जीता है। पहली बार वर्ष 1991 के चुनाव में झामुमो के स्व बिनोद बिहारी महतो ने चुनाव जीता था। वहीं दूसरी बार स्व बिनोद बिहारी महतो के मरणोपरांत वर्ष 1992 में हुए उपचुनाव में उनके पुत्र सह झामुमो प्रत्याशी राज किशोर महतो ने चुनाव जीता था। वर्ष 2000 में झारखंण्ड अलग राज्य गठन के बाद अब तक हुए चुनावों में मात्र एक बार वर्ष 2004 के चुनाव में झामुमो के टेकलाल महतो ने यहां से चुनाव जीता है। उस वक्त टेकलाल महतो को 3, 50, 255 वोट मिले थे। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रहे भाजपा के रविंद्र कुमार पांडेय को 2,00,461 मत प्राप्त हुए थे। लेकिन उस चुनाव के बाद रविंद्र पांडेय लगातार वर्ष 2009 एवं 2014 के चुनाव में गिरिडीह लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराया था। यूं तो रविंद्र पांडेय ही एक मात्र ऐसे नेता है जिन्होंने कुल पांच बार गिरिडीह लोकसभा सीट का चुनाव जीतने का काम किया। जिनमे झारखण्ड गठन के पूर्व तीन बार वर्ष 1997, 1998 एवं वर्ष 1999 का चुनाव शामिल है। जबकि अलग राज्य गठन के बाद उन्होंने दो बार चुनाव जीता है।

# बसपा में स्वामी प्रसाद मौर्य की हो सकती है वापसी

- कुशीनगर से लड़ सकते हैं चुनाव



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की बसपा में वापसी हो सकती हैं। राजनीतिक हल्कों ने चर्चा है कि जल्द ही स्वामी बहुजन समाज पार्टी के सिम्बल पर कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। यही वजह है कि नामांकन के कुछ दिन ही बचे और बसपा सुप्रीमो मायावती ने कुशीनगर सीट होल्ड कर रखी है। ऐसा माना जा रहा है कि बसपा यहां से बड़े फैसले का एलान कर सकती हैं। पार्टी ने इस मसले में अभी चुप्पी साध रखी है।

बसपा उत्तरप्रदेश की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने 78 सीटों पर अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं। देवरिया और कुशीनगर सीट पर प्रत्याशियों का मंथन तेज है। इसमें कुशीनगर सीट होल्ड पर है। इस सीट पर स्वामी प्रसाद मौर्य से चल रही अंदरुनी बात के परिणामों का इंतजार किया जा रहा है। वहीं बसपा और आरएसएसपी का चुनाव में क्या रोल रहेगा इन मुद्दों पर रणनीति बनाई जा रही हैं। इसके बाद अंतिम फैसला बसपा चीफ मायावती करेंगी। कुशीनगर में सात मई से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

अपने विवादित बयानों के चलते सुर्खियों में रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य अपना सियासी ठिकाना बदलने के लिए भी जाने जाते हैं। 2016 में बसपा प्रमुख पर कई आरोप लगाकर पार्टी को अलविदा कहने वाले स्वामी अब फिर हाथी की सवारी करने को बेताब हैं। स्वामी ने 1980 के दशक से लोकदल से राजनीति शुरू की। इसके बाद स्वामी 1991-1995 तक जनता दल के प्रदेश महासचिव रहे। 1996 में वह बसपा में आए फिर यहीं से उनके सियासत की असली कहानी शुरू हुई।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएम योगी पर किया पलटवार

# हिंदू-मुसलमान बोले बगैर उनका खाना नहीं पचता : मल्लिकार्जुन

एजेंसियां, मालदा



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे घोषणापत्र में नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय आदि की बात की गई है तो क्या यह मुसलमानों के लिए है? बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है..। खरगे ने राहुल गांधी की रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि जनता की इच्छा है कि वे वहां से चुनाव लड़ें और जीतें। लाखों वोटों से वे जीतेंगे।

मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा बिना हिंदू-मुसलमान बोले उनका खाना नहीं पचता है...। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के संबंध में उन पर पलटवार किया । उन्होंने कहा कि 45 साल में इतनी बेरोजगारी बढ़ी जिसकी चिंता उन्हें नहीं है...बेरोजगारी के बारे में बोलते हैं दो में से एक भैंस कांग्रेस गायब कर देगी। उन्हांने कहा-हम बोलते है महंगाई हो गई है कुछ करो तो बोलते हैं आपकी जमीन छीन लेंगे। अमीर गरीब की बढ़ती खाई पर बोलते हैं कांग्रेस आई तो सब लूट कर ले जाएगी।

खरगे ने कहा कि उन्होंने चुनावी बॉन्ड के नाम पर पैसा वसूला बीजेपी ने चंदा दो धंधा लो का काम किया, सबसे पैसे लेकर टेंडर दिए। कांग्रेस भ्रष्ट है, ये ही बोल कर तुम पावर में आए तुम क्या कर रहे हो? ये हमारी पार्टी के लोगों को तोड़-तोड़ कर लेते हैं। जो भ्रष्ट लोग उनको शामिल करा रहे हैं मैं पूछता हूं क्या वो वहां जाते ही अच्छे हो गए? खरगे ने कहा कि अमित शाह ने कहा था कि हमारी पार्टी में जो लोग आए उनको हम एक-एक कर देखेंगे उसके बाद जो कलंकित है उसे निकाल देंगे।

# चुनाव के शुरुआती दो चरणों में हम काफी आगे : अमित शाह



एजेंसियां, धर्मवरम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काफी आगे हैं और सीटों का आंकड़ा 100 के करीब आ गया है। इससे उनके 400 से ज्यादा सीटें आने का भरोसा पक्का हो गया है। शाह ने ये बात आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कही। शाह ने राज्य के धर्मवरम विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) पर निशाना भी साधा। शाह ने कहा कि ये आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। राज्य में माफिया बढ़ रहे हैं और अपराध बढ़ता जा रहा है।

शाह ने कहा कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया और धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी और जनसेना गठबंधन की लड़ाई को मजबूत करने के लिए प्रदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि हमने राज्य में अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को खत्म करने के लिए ही तेलुगु से गठबंधन किया है। शाह ने कहा कि देश मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित होकर मतदान कर रहा है। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।

## संक्षिप्त

### पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई सामने, 29 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा



**नई दिल्ली।** बाबा बर्फानी के भक्तों के खुशखबरी है। पवित्र अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग की पहली तस्वीर सामने आई है। शिवलिंग हर साल सर्दी के मौसम में हुई बर्फबारी के दौरान अपना आकार लेता है और मई-जून के माह से इसके दर्शन होते हैं। इस साल भी शिवलिंग ने अपना आकार ले लिया है। इस बार शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। अमरनाथ यात्रा के दौरान अमरनाथ गुफा में बनने वाले इस शिवलिंग के दर्शन और पूजन के लिए देश भर से लाखों की तादाद में श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। यात्रा करीब 50 दिन तक चलेगी, जो कि इस साल रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को संपन्न होगी। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी। 50 दिन की इस यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल यानी सोमवार से शुरू होगा। यात्रा 19 अगस्त को सावन पूर्णिमा को खत्म होगी। जो भी श्रद्धालु इस यात्रा पर जाना चाहते हैं वो आधिकारिक वेबसाइट https://jksasb.nic.in पर पंजीकरण करा सकते हैं।

### राहुल गांधी की नागरिकता का हवाला देते हुए नामांकन रद्द करने की मांग

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता और हाल ही में मानहानि मामले में उनकी सजा को लेकर रायबरेली से नामांकन पर सवाल उठाया गया है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि सवाल किया गया है कि चुनाव आयोग के जरिए राहुल के नामांकन को कैसे वैध माना जा सकता है। राहुल ने शुक्रवार को रायबरेली से नामांकन किया है। राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने वाले व्यक्ति का नाम अनिरुद्ध प्रताप सिंह है, जिनकी ओर से वकील अशोक पांडे ने इसे दायर किया है। वकील ने रायबरेली के रिटर्निंग ऑफिसर के पास राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसमें कांग्रेस नेता की नागरिकता और उनकी सजा के आधार पर उनका नामांकन रद्द करने की मांग की गई है। राहुल गांधी को मानहानि मामले में दो साल की सजा हुई थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

### मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव- 2024 के बीच दिल्ली के पूर्व भाजपा अध्यक्ष और मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी भाजपा में शामिल हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी राजनीति में आ जाऊंगी। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वो किसी को निराश नहीं करेंगी। रिथि तिवारी सिंगर के साथ ही सॉन्ग राइटर भी हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी की बेटी रिथि तिवारी ने कहा कि राजनीति में आने की योजना तो थी, लेकिन ये 10-15 साल बाद का प्लान था। उन्होंने अपना परिचय देते हुए खुद बताया कि वो एक एनजीओ में काम करती हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद रिथि तिवारी ने कहा, मैं सांसद मनोज तिवारी की बेटी हूं। मैं 22 साल की हूं। सिंगर और सॉन्ग राइटर हूं। एक एनजीओ में काम करती हूं और सबसे ज्यादा मैं समाजसेवक बनना चाहती हूं। रिथि तिवारी ने कहा, मैं हैरान हूं. मुझे भगवान की योजना के बारे में पता नहीं था। मैंने नहीं सोचा था कि यह आज या इतनी जल्दी होगा। राजनीति में शामिल होना मेरे लिए 10-15 साल के बाद का प्लान था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने मुझमें कुछ जरूर देखा होगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं किसी को निराश न करूं।

### पुंछ में आतंकी हमले को भाजपा का चुनाव पूर्व स्टंट बताकर फंसे चरणजीत सिंह चन्नी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी शनिवार को पुंछ में हुए आतंकी हमले को भाजपा का चुनाव पूर्व स्टंट बताकर विवादों में घिर गए हैं। इस आतंकी हमले में वायुसेना के एक जवान शहीद हो गए थे और चार अन्य घायल हो गए थे। आम चुनाव के बीच, इस बयान ने भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का एक मौका दे दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अब इसे लेकर देश की सबसे पुरानी पार्टी पर हमला बोला है। चन्नी ने जालंधर में चुनाव प्रचार करते हुए कहा, ये सभी स्टंट हैं और आतंकवादी हमले नहीं हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा लोगों के जीवन और शवों के साथ खेल रही है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चन्नी के इस बयान पर कहा, यह एक घटिया बयान है। यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सेना को मजबूत करने के बजाय उन्होंने 10 साल तक दलाली की। पुलवामा के बाद हमने सर्जिकल स्ट्राइक की। संसद हमले के आरोपियों की फांसी रोकने के लिए इन लोगों ने रात 2:30 बजे सुनवाई की, लोग अक्साई चिन को भी नहीं भूलेंगे।

### कांग्रेस से गठबंधन की इच्छुक थी टीएमसी: अभिषेक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि टीएमएस, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। इसके लिए वह राहुल गांधी से मिलने सुबह छह बजे उनके निवास पर भी गए थे। अभिषेक ने कहा कि टीएमसी, कांग्रेस के उम्मीदवार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के पश्चिम बंगाल में सच्चे प्रतिनिधि हैं। अभिषेक ने कहा कि अगर वह गंभीर नहीं होते तो सुबह छह बजे दिल्ली में राहुल गांधी के निवालस पर नहीं जाते। टीएमसी लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी की आलोचना किए जाने के बावजूद हमने लंबे समय तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

# 30 साल बाद दिग्विजय सिंह अपनी पारिवारिक सीट से लड़ रहे चुनाव

- राजगढ़ सीट बनी देश में चर्चा का विषय



**राजगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के महाकुंभ में नए चेहरों के साथ कई दिग्गज भी मैदान हैं और अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मध्यप्रदेश की बात करें तो यहां राजगढ़, गुना और विदिशा सीट पर पूरे देश की नजर है। वो इसलिए कि यहां से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।

मध्यप्रदेश का शांत और छोटा जिला राजगढ़, संसदीय क्षेत्र के तौर पर इस बार देश भर में सुर्खियां बटोर रहा है, इसकी वजह है करीब 30 साल बाद कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इस उम्र में यहां से एक बार फिर लोकसभा के लिए चुनावी मैदान में कठिन परिश्रम कर रहे हैं। राजगढ़ सीट से उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर से हैं, नागर के पक्ष में चुनाव प्रचार करने में संगठन पूरी ताकत झोंक रहा है और अनेक राष्ट्रीय नेता भी प्रचार कर चुके हैं कि किसी भी तरह दिग्विजय सिंह को मात दी जा सके।

दिग्विजय सिंह के लिए ये सीट इसलिए भी अहम हैं कि यह उनकी पारिवारिक सीट रही है। इस संसदीय क्षेत्र में उनकी गृह विधानसभा गुना जिले का राघौगढ़ भी आता है। वह इस संसदीय सीट से 80 और 90 के दशक में एक-एक बार पहले भी सांसद चुने जा चुके हैं। इसके बाद उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह भी यहां से तीन बार कांग्रेस से और एक बार भाजपा से सांसद रह चुके हैं।

राजगढ़ की इस सीट पर सात मई को मतदान होना है। आज प्रचार खत्म होने के दिन तक दिग्विजय सिंह ने खुद चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाली है। भीषण गर्मी में वे गांव-देहात में पहुंच रहे हैं और अपने परिवार के सदस्यों के साथ कांग्रेस और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। नर्मदा परिक्रमा के बाद से दिग्विजय सिंह की पदयात्रा प्रदेश में चर्चाओं में रहती हैं और चुनाव के प्रचार के दौरान भी सिंह लगातार पदयात्राओं के जरिए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह सार्वजनिक तौर पर यह कह चुके हैं कि ये उनका आखिरी चुनाव है और यही अपील करते हुए जनता से उनका समर्थन करने का अनुरोध कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर बीजेपी के नेता भी इसे उनका आखिरी चुनाव बताने से नहीं चूक रहे। राजगढ़ से बीजेपी उम्मीदवार रोडमल नागर के समर्थन में पिछले दिनों यहां चुनावी सभा करने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिग्विजय सिंह के संदर्भ में बिना नाम लिए यहां तक कह दिया कि आशिक का जनाज़ा है, जरा धूम से निकले। हालांकि उनके इस बयान पर दिग्विजय सिंह ने भी बीजेपी नेताओं को निशाने पर लेते हुए पलटवार किया था। बीजेपी के नेता सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान की राज्य की स्थिति को लेकर लगातार उन पर हमले बोल रहे हैं। बीजेपी के मौजूदा सांसद रोडमल नागर यहां से लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की मोना सुस्तानी को कराया था, जिसके बाद श्रीमती मोना ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी। कांग्रेस और बीजेपी के प्रत्याशियों समेत इस संसदीय क्षेत्र से कुल 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

राजगढ़ संसदीय सीट नरसिंहगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, राजगढ़, सारंगपुर, आगरमालवा जिले की सुसनेर और गुना जिले की राघौगढ़ और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्रों से मिल कर बनी है। इनमें से वर्तमान में राघौगढ़ और सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का कब्जा है। सात मई को मतदान के बाद इस अंचल के मतदाताओं ने किसका समर्थन किया है, इसका खुलासा चार जून को परिणाम आने के बाद हो जाएगा।

# पुंछ के हमलावर कायरों की तरह जंगल में छिपे सेना ने चारों तरफ से घेरा, सर्चिंग अभियान तेज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के एक काफिले पर घात लगाकर हमला करने वाले जंगलों की तरफ भाग गए है। अब भारतीय सेना के जवान इन्हे चप्पे चप्पे में तलाश रहे हैं। आर्मी के अतिरिक्त जवान पुंछ में जर्रा वाली गली पहुंच गए हैं। बता दें कि इस हमले में एक जवान शहीद हो गया जबकि चार अन्य सैनिक घायल हुए थे। घायलों में एक सैनिक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट ने इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया है। आज भी यहां से गुजरने वाले हर वाहन की सुरक्षाबलों द्वारा तलाशी ली जा रही है। सेना के वाहन शाहसितार के पास जनरल क्षेत्र में स्थित एयर बेस के अंदर सुरक्षित पहुंच गए हैं। संदिग्ध लोगों की आवाजाही के बारे में गोपनीय जानकारी मिलने के बाद अर्धसैनिक बलों की सहायता से पुलिस शुक्रवार से पुंछ शहर में तलाशी ले रही थी, हालांकि इस तलाशी अभियान के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था।

भारतीय वायुसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में, वायुसैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के पांच कर्मियों को गोली लग गई और उन्हें तत्काल इलाज के लिए नजदीकी सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक वायु सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं हमले की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें दिख रहा है कि आतंकियों ने किस कदर सेना के वाहनों पर अंधाधुंध गोलिया बरसाईं।

सेना के काफिले में शामिल एक ट्रक के विंडस्क्रीन पर दो दर्जन से अधिक गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, एके असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी पास के जंगलों में भाग गए हैं। आतंकी हमला शाम करीब सवा छह बजे हुआ जब जवान जारनवाली से वायुसेना के अड्डे पर लौट रहे थे। अधिकारियों को आतंकवादियों के उसी समूह की संलिप्तता का संदेह है, जिसने पिछले साल 21 दिसंबर को पास के बुफलियाज में सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें चार सैनिक शहीद हो गए थे और तीन अन्य घायल हो गए थे।

## चीन के साथ विवाद पर बोले रक्षामंत्री राजनाथ

# बातचीत से निकलेगा समाधान

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना की तारीफ करते हुए कहा कि हाल के दिनों में नौसेना ने चमत्कार किया है। राजनाथ सिंह ने यह बात एक इंटरव्यू में कही है। राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना, सेना की थिएटर कमांड स्थापित करने, रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी और चीन के साथ जारी विवाद पर बेबाकी से बात की। तो आइए जानते हैं कि विभिन्न मुद्दों पर क्या बोले पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर, अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर के आसपास रणनीतिक रूप से अहम जलमार्गों पर कई व्यापारिक जहाजों को हमलों से बचाया और उन्हें मदद पहुंचाई। बीते महीने ही हूती विद्रोहियों ने पनामा का झंडा लगे तेल टैंकर पर हमला किया था, लेकिन भारतीय नौसेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टैंकर को बचाया। इस टैंकर पर 22 भारतीयों समेंत 30 चालक दल के सदस्य मौजूद थे।



राजनाथ सिंह ने कहा कि नौसेना ने चमत्कार किया है और इसके लिए वह बधाई की पात्र है। भारतीय नौसेना ने जनवरी से अब तक कई जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमलों के विफल किया है। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद हूती विद्रोही लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है। ऐसे हालात में भारतीय नौसेना कई जहाजों को हमलों से बचा चुकी है और हिंद महासागर के साथ ही अरब सागर और अदन की खाड़ी में अहम खिलाड़ी बनकर उभरी है।

# यूपी में चौथे चरण के चुनाव में 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 130 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया जो अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, शहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव से चुनाव लड़ रहे है। उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले 130 में से 36 (28 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं इनमें से 23 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए गए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाये तो भारतीय जनता पार्टी के 13 में से 4 (31 प्रतिशत), बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 5 (38 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी के 11 में से 7 (64 प्रतिशत), कांग्रेस के 2 में से 2 (100 फीसदी), सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी 4 में से 1 (25 फीसदी), राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 3 में से 2 (67 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामलों में भारतीय जनता पार्टी के 31 प्रतिशत, बहुजन समाज पार्टी के 38 प्रतिशत, समाजवादी पार्टी के 36 प्रतिशत, कांग्रेस के 100 प्रतिशत, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के 25 प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के 33 प्रतिशत, उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

आपराधिक मामलों में आलोक मिश्रा जो कानपुर से कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे है उनके ऊपर 5 आपराधिक मामले दर्ज है, दूसरे नम्बर पर आपराधिक छवि के उम्मीदवार में देवेंद्र सिंह अलियास हैं जो अकबरपुर से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार है इनके ऊपर 13 आपराधिक मामले दर्ज है वही तीसरे नंबर पर श्याम किशोर अवस्थी जो बहुजन समाज पार्टी से धौराहरा के उम्मीदवार है जिनके ऊपर 4 आपराधिक मामले पंजीकृत है। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया की अब यदि हम करोडपति उम्मीदवारों की बात करे तो 130 में से 53 यानी 41 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के 13 में से 13 (100 प्रतिशत), बहुजन समाज पार्टी के 13 में से 10 (77 फीसदी), समाजवादी पार्टी के 11 में से 10 (91 फीसदी), कांग्रेस के 2 में से 2 (100 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.54 करोड़ है मुख्य दलों में भारतीय जनता पार्टी के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 9 करोड़ है बहुजन समाज पार्टी के 13 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.67 करोड़ है समाजवादी पार्टी के 11 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 16.71 करोड़ है वही कांग्रेस के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 19 करोड़ है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रत्याशियों में उन्नाव से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रही अन्नु टंडन हैं जिनकी संपत्ति लगभग 79 करोड़ के आसपास है इसी तरह से अखिलेश यादव, कन्नौज से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति 42 करोड़ है वही कानपुर लोकसभा सीट से आलोक मिश्रा, कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं जिनकी संपत्ति लगभग 35 करोड के आसपास हैं। खीरी निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी की एक उम्मीदवार कुमारी पंचशिला आनंद ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की हैं वही 4 उम्मीदवारो ने अपना पैन घोषित नहीं किया हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 130 में से 37 (28 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है। जबकि 85 (65 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की हैं। एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा धारक घोषित की है। पांच उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और दो उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित की है। अगर हम चौथे चरण में उम्मीदवारों की आयु की बात करे तो 130 में से 46 (35 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 64 (49 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। 20 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 16 (12 प्रतिशत) महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही है।

मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने कहा कि सभी दल महिलाओं को टिकट देने में कंजूसी कर रहे हैं। अब तक के चार चरणों में महिलाओं को टिकट देने में पार्टियों ने रुचि नहीं दिखाई है। इससे यह प्रतीत होता है कि जब भारत की संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास हो गया है ऐसी परिस्थिति में इतने कम टिकटों को देकर राजनैतिक दलों में कहीं न कहीं महिलाओं के प्रति उदासीनता दिखाई देती है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल घोषित

● 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और पाकिस्तान एक ग्रुप में ● भारत-पाक मैच 6 अक्टूबर को




**ढाका (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इस साल बांग्लादेश में 3 से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। रविवार को ढाका में हुए एक कार्यक्रम में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल को जारी किया गया। इस अवसर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, ढ्ढष्टष्ट के सीईओ ज्योफ एलार्डिस, भारतीय टीम की कप्तान हरमप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने हिस्सा लिया। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप शेड्यूल की घोषणा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और बांग्लादेश की कैप्टन निगार सुल्ताना।

### भारत-पाक के बीच मैच 6 अक्टूबर को होगी भिड़ंत

भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को ही क्वालिफायर-1 टीम के खिलाफ करेगी।

### दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

### क्वालिफायर-1 और 2 का फैसला 7 मई को

वहीं वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 का फैसला 7 मई को आईसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के होने वाले फाइनल से होगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच ढाका में 10 प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे।





# फैंस ने हेनरिक क्लासेन को घेरा, सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ने खोया आपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपने पसंदीदा क्रिकेट स्टार की एक झलक पाना कई प्रशंसकों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। हालांकि इस इच्छा को पूरा करने की उत्सुकता में कुछ समर्थक सीमाओं को लांघ देते हैं जिससे अप्रिय स्थिति पैदा हो जाती है। उनकी हरकतें न केवल उनके लिए बल्कि उन क्रिकेट सितारों के लिए भी असुविधा पैदा कर सकती हैं जिनकी वे प्रशंसा करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के धमाकेदार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को हैदराबाद में एक ऐसी ही घटना का सामना करना पड़ा जब वह प्रशंसकों द्वारा भीड़ में फंसने के बाद अपना आपा खो बैठे।

सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में क्लासेन और जयदेव उनादकट को संभवतः एक मॉल में प्रशंसकों से घिरे हुए, अराजक स्थिति का सामना करते हुए दिखाया गया। क्लासेन काफी चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने प्रशंसकों से शांत रहने का आग्रह किया। इस घटना के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के प्रबंधन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि इससे सवाल उठता है कि प्रशंसक खिलाड़ियों के इतने करीब कैसे आ पाए, जिससे संभावित सुरक्षा जोखिम पैदा हो गया।

आईपीएल 2024 के दौरान क्लासेन की लोकप्रियता कफी बढ़ी है क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विस्फोटक बल्लेबाज ने 10 पारियों में 48 की शानदार औसत और 189 की स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाए हैं।

# पंजाब से लगातार 5 हार के बाद जीती चेन्नई

● पिछले मैच का हिसाब बराबर किया
● जडेजा ने 43 रन बनाए, 3 विकेट भी लिए



**धर्मशाला, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 53वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया। चेन्नई की पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद यह पहली जीत है। इस जीत से ष्टस्य़ पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 11 मैचों के बाद 12 अंक हैं। धर्मशाला मैदान पर रविवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 139 रन बना सकी। रवींद्र जड़ेजा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी हासिल किए।

# आज वानखेड़े में लगेगा रनों का अंबार या गेंदबाजों का रहेगा जलवा?

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 53वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में 6 मई यानी सोमवार को खेला जाएगा। 11 में से 8 मुकाबले हारने के बाद मुंबई इंडियंस इस वक्त पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे हैं। वहीं हैदराबाद 10 में से 6 मुकाबले जीतने के बाद पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर हैं। दोनों टीमें आईपीएल 2024 में दूसरी बार एक दूसरे से भिड़ रही हैं। इससे पहले जब दोनों टीमें हैदराबाद में मिली थीं। तो होम टीम एसआरएच ने रनों का अंबार लगाया था और आरसीबी का सबसे बड़ा स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा था। दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मैच की उम्मीद है। आइये जानते हैं कि इस मैच में मुंबई की पिच कैसा खेलने वाली है।

**मुंबई और हैदराबाद के मैच की**

### मुंबई-हैदराबाद में होगा रोमांचक मुकाबला





**पिच रिपोर्ट** - मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। इस मैदान पर जमकर रन बनते हैं। छोटा ग्राउंड होने की वजह से चौके-छक्कों की भी खूब बारिश होती है। गेंदबाज इस पिच पर संघर्ष करते नजर आते हैं। हालांकि स्पिनर्स को इस पिच पर मदद जरूर मिलती है।

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 116 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 53 पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम तो 63 दूसरे बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। जो भी टीम मुंबई में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी करने को देख सकती है। पहली पारी का औसत स्कोर आईपीएल में वानखेड़े में 170 रन है।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**सनराइजर्स हैदराबाद** - अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह , ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, उपेन्द्र यादव, जथावेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

# सीएसके के लिए बोझ बने अजिंक्य रहाणे

● बुरी तरह हुआ एक्सपोज, शायद ही अगले सीजन में मिले मौका

**धर्मशाला (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 53वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही। ओपनर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे सिर्फ 9 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए। इस पूरे सीजन में रहाणे सीएसके के लिए कमाल नहीं दिखा सके हैं। इस सीजन में रहाणे में सीएसके लिए 10 पारियों में सिर्फ 199 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 122.84 का रहा है। इस दौरान रहाणे ने सबसे बड़ी पारी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 45 रनों की खेली थी।अजिंक्य रहाणे का सीएसके के लिए बल्लेबाजी में नहीं चलना टीम के लिए मुश्किल खड़ा किया है, क्योंकि उनसे उम्मीद की जाती रही है कि वह ओपनिंग में एक अच्छा स्टार्ट दें लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।



# बेल्जियम के डेनियल दारदा नें जीता सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब

**ओलबिया, इटली (एजेंसी)।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल का खिताब एक बेहद ही रोमांचक फाइनल मुक़ाबले में बेल्जियम के ग्रांड मास्टर डेनियल दारदा नें अपने नाम कर लिया, दरअसल नौवे राउंड में एक दिन पहले तक 6.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे दोनों ग्रांड मास्टर स्पेन के एलन पीचोट और इज़राइल के ग्रांडमास्टर यैर पारखोव अंक अपने मुक़ाबले हार गए और चार खिलाड़ी 7 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर आ गए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर बेल्जियम के डेनियल दारदा, रोमानिया के किरिल सावचेंकों , फीडे के मुरजिन वोलोदर और नीदरलैंड के वांन फॉरेस्ट क्रमशः पहले से चौथे स्थान पर रहे । अंतिम राउंड में डेनियल नें एलन को काले मोहरो से खेलते हुए पराजित किया जबकि पारखोव को वांन फॉरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा । भारतीय खिलाड़ियों में सविता श्री नें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरुस्कार जीता जबकि इसी वर्ग में भारत की वन्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रही ।



# आरसीबी वेंटिलेटर से बाहर निकली पर अब भी आईसीयू में है, प्लेऑफ की उम्मीदों पर जडेजा का बेबाक बयान

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अजय जडेजा का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 'वेंटिलेटर' से बाहर निकाल दिया है, लेकिन गुजरात टाइटंस पर जीत के बावजूद टीम अब भी 'आईसीयू' में है। शनिवार को गुजरात के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 38 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। फाफ डु प्लेसी (64) और विराट कोहली (42) ने पावरप्ले में 92 रन की साझेदारी की लेकिन आरसीबी ने इसके बाद लगातार विकेट गंवाए जिससे उसका स्कोर बिना विकेट के 92 रन से छह विकेट पर 117 रन हो गया और एक समय गुजरात की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद बंध गई थी।



**जडेजा ने क्या और क्यों कहा** - अजय जडेजा ने 'जियो सिनेमा' से कहा, अब भी कमजोरियां नजर आ रही हैं, आखिर में क्या हुआ। लेकिन मौका है। वे वेंटिलेटर से बाहर हैं, लेकिन वे अब भी आईसीयू में हैं। विराट और फाफ को बल्लेबाजी करते हुए देखने के बाद हम आज के मैच को लेकर उत्साहित हैं। लेकिन असली काम गेंदबाजों ने किया, एक ऐसा पहलू जिसमें आरसीबी पारंपरिक रूप से संघर्ष करती रही है। गेंदबाजी विभाग ने अब उनके लिए योगदाना देना शुरू कर दिया है और हम सत्र के अंत के बारे में बात कर रहे हैं, यही वह बिंदु है जहां से जीत की वास्तविक संभावना में गति आती है।

**सिराज ने बढ़ाई आरसीबी की उम्मीद** - मोहम्मद सिराज की फॉर्म में वापसी ने आरसीबी की वापसी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिराज ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभमन गिल और ऋद्धिमान साहा के विकेट लिए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले पांच वर्षों से सिराज के साथ काम कर रहे आरसीबी के सहायक कोच एडम ग्रिफिथ ने इस बदलाव का कारण 'गेंद को फिर से स्विंग कराने' को बताया। इस तेज गेंदबाज के अच्छे प्रदर्शन ने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत दी होगी। आईसीसी की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उनके जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद साझा करने की उम्मीद है।

# बजरंग अस्थायी रूप से निलंबित, डब्ल्यूएफआई ने नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है।



बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे।

बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो 'एक्सपायर किट' लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। उन्होंने कहा, 'मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, 'यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

उन्होंने कहा, 'वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं।

### आईपीएल 2024

# विराट कोहली ने फ्लाइंग किस के साथ शाहरुख खान को दिखाया बाहर का रास्ता

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ की धुंधली उम्मीदों को कायम रखा। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजी का उनका निर्णय बेहतर साबित हुआ क्योंकि वे जीटी के सभी बल्लेबाजों पर हावी थे। गेंदबाजों ने जल्दी ही प्रहार किया और जीटी ने पावरप्ले के भीतर अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों को खो दिया था। जीटी के लिए शाहरुख खान शानदार लय में दिखे और उन्होंने स्कोरबोर्ड को नियंत्रण में रखा। वह बड़े स्कोर का लक्ष्य बना रहे थे और विराट कोहली ने उनकी पारी को रोक दिया।



भारत के स्टार बल्लेबाज ने अपनी तेज प्रतिक्रिया दिखाई और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर शाहरुख को उनकी क्रीज से कुछ ही दूरी पर रन आउट कर दिया। जब विराट ने युवा बल्लेबाज को फ्लाइंग किस देकर विदा किया तो दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाई। पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद आरसीबी के लिए स्वप्निल सिंह ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि यह तेज़ गेंदबाज मोहम्मद सिराज थे जिन्होंने सबसे अधिक प्रभाव डाला। सिराज ने अच्छी लय के साथ गेंदबाजी करते हुए जीटी के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया।

इसके बाद कैमरून ग्रीन ने शॉर्ट गेंद पर फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन का विकेट लिया। परिणामस्वरूप मेहमान टीम के पास सीजन का अपना सबसे कम पावरप्ले स्कोर था।

इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पलटवार करते हुए अर्धशतकीय साझेदारी बनाई। जब मिलर 23 रन पर थे, तब कर्ण ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद मिलर ने अगले ओवर में छक्का जड़ा, लेकिन कर्ण ने 61 रन की साझेदारी को तोड़ दिया। अगले ही ओवर में शाहरुख उनके पीछे पड़ गए। राहुल तेवतिया ने कुछ चौके लगाए, लेकिन आरसीबी ने दो गति वाली पिच का फायदा उठाया और जीटी को मात्र 147 पर समेट दिया। पहली पारी के समापन के बाद आरसीबी के वुजयकुमार वैश्य ने जीटी के खिलाफ टीम के गेमप्लान का खुलासा किया।

## कोटक बैंक का मुनाफा बढ़कर 4,133 करोड़ हुआ

मुंबई । निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपये था। हाल ही में घोषित वित्तीय परिणामों में बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 6,103 करोड़ रुपये थी। बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परसंपत्ति (एनपीए) पिछले साल के 1.78 प्रतिशत से घटकर 1.39 प्रतिशत रह गई है। शुद्ध एनपीए भी एक साल पहले के 0.37 प्रतिशत से गिरकर 0.34 प्रतिशत पर आ गया। बैंक द्वारा दिया गया ऋण मार्च के अंत में एक साल पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 3,91,729 करोड़ रुपये हो गया।

kotak
Kotak Mahindra Bank

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप घटा

### - प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही



**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 68,417.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते सप्ताह जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 23,341.56 करोड़ रुपये घटकर 19,40,738.40 करोड़ रुपये पर आ गया। एलआईसी की बाजार हैसियत 5,724.13 करोड़ रुपये घटकर 6,19,217.27 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 5,686.69 करोड़ रुपये घटकर 5,87,949.62 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी के मूल्यांकन में 4,619.35 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,44,645.97 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 1,409.76 करोड़ रुपये घटकर 5,20,551.94 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के विपरीत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 26,907.71 करोड़ रुपये बढ़कर 7,42,126.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 24,651.55 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 8,02,401.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 9,587.93 करोड़ रुपये बढ़कर 13,89,110.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 6,761.25 करोड़ रुपये बढ़कर 11,53,704.84 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलआईसी, इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## देश के कई राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में शनिवार और रविवार को कामकाज नहीं होने से कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हैं। भारत में हर दिन की तरह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की नई कीमत जारी कर दी गई है।

हर रोज सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियां ईंधन के नए भाव जारी करती हैं। देश के कुछ राज्यों व शहरों में रविवार को पेट्रोल और डीजल के भाव बढ़े हैं जबकि कुछ प्रदेशों में कीमतें घटी हैं। बिहार, छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें मामूली रूप से बढ़ी हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, हरियाणा और झारखंड समेत कुछ प्रदेशों में भाव घटे हैं।

राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। वहीं नोएडा में पेट्रोल 95.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# मारुति सुजुकी अर्टिगा सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार

### - 30 किलोमीटर का माइलेज, ये है बेस्ट फैमिली कार



**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी अर्टिगा देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली 7 सीटर कार बन गई है। यह 7 सीटर बेहतरीन इंजन और माइलेज के साथ आती है। कंपनी कार को सीएनजी वेरिएंट में भी ऑफर करती है। आइए आपको बताते हैं इसमें क्या खास है और क्यों ये कार लोगों की पसंद लगातार बनी हुई है। अर्टिगा की कीमत की बात की जाए तो इसका बेस वेरिएंट 8.69 लाख रुपये की एक्स शोरूम में उपलब्ध है।

वहीं कार का टॉप वेरिएंट 13.03 लाख रुपये (एक्स शोरूम) कीमत पर मिल रहा है। कार के अलग-अलग वैरिएंट में आपको 7-इंच स्मार्टप्ले प्रो टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले सपोर्ट, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी (टेलीमेटिक्स), क्रूज कंट्रोल, ऑटो हेडलैंप्स, क्लाइमेट कंट्रोल एसी, पैडल शिफ्टर्स, 4 एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, ब्रेक असिस्ट, रियर पार्किंग सेंसर्स, आईएसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकरेज, ईएसपी के साथ हिल होल्ड कंट्रोल जैसे फीचर्स देखने को मिलते हैं। कार में मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का ऑप्शन भी मिलता है। वहीं नेक्सॉन की बात की जाए तो 1.2 लीटर इंजन के साथ आती है। अब अर्टिगा के माइलेज की बात की जाए तो ये पेट्रोल पर 24 किलोमीटर प्रति लीटर और सीएनजी पर 30 किलोमीटर प्रति किलो तक का माइलेज दे देती है।मारुति अर्टिगा 1.5 लीटर का डुअलजेट पेट्रोल इंजन ऑफर करती है। ये माइल्ड हाईब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ आता है। ये इंजन 103 बीएचपी की पावर और 136.8 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। वहीं सीएनजी पर भी कार की पावर कम नहीं है। सीएनजी पर ये कार 88 बीएचपी की पावर और 121 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है।

## टीपीआरईएल ने एसजेवीएल से समझौता किया

**नई दिल्ली ।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई की इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसजेवीएन लिमिटेड के साथ इस साझेदारी से टीपीआरईएल टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर हरित ऊर्जा उद्देश्यों को पूरा करने में योगदान कर सकेगी।





## एयर इंडिया में अब ले जा सकेंगे 15 किलो तक का सामान

मुंबई । विमानन कंपनी एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराये वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने पिछले अगस्त में पेश मूल्य निर्धारण मॉडल में बदलाव किया है। एयरलाइन ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि किराया मॉडल में तीन श्रेणियां हैं- कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लैक्स। ये अलग-अलग मूल्य पर अलग-अलग सुविधाएं प्रदान करते हैं। कम्फर्ट और कम्फर्ट प्लस श्रेणियों के तहत दो मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किलोग्राम और 25 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दिया गया है। मौजूदा किराया मॉडल से पहले एयर इंडिया की घरेलू उड़ानों में यात्रियों को 25 किलोग्राम केबिन सामान बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले जाने की अनुमति थी।

## टीबीओ टेक का आईपीओ 8 मई को खुलेगा

**मुंबई ।** यात्रा सेवा प्रदाता टीबीओ टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में 8 मई को खुलेगा। एंकर निवेशक 7 मई को आईपीओ को सब्सक्राइब कर सकेंगे। कंपनी आईपीओ के जरिए 1,550 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। टीबीओ टेक का आईपीओ 08 मई से 10 मई तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 875 रुपये से 920 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। टीबीओ टेक आईपीओ का लॉट साइज 16 शेयरों का है। आईपीओ में भाग लेने के लिए खुदरा निवेशकों को न्यूनतम 14,720 रुपये निवेश करना होगा। एनआईआई के लिए न्यूनतम लॉट साइज निवेश 14 लॉट है, कुल 206,080 और बीएनआईआई के लिए, यह 68 लॉट है, कुल 1,000,960 है। आईपीओ के जरिए कंपनी 43 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं ऑफर फॉर सेल के तहत 1.25 करोड़ शेयर जारी किया जाएगा।

## गो फैशन चालू वित्त वर्ष में 120 से 150 नए स्टोर खोलेगी

**चेन्नई ।** गो फैशन (इंडिया) लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 120-150 नए स्टोर खोलने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गो फैशन के पास महिलाओं के लोकप्रिय ब्रांड गो कलर्स का स्वामित्व है। अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में कुल 94 स्टोर जोड़े, जिससे हमारे कुल स्टोर की संख्या संख्या 714 हो गई है। गो फैशन विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है। वह स्टोर के अलावा उपभोक्ताओं को ऑनलाइन खरीदारी का अनुभव भी उपलब्ध करा रही है। इस बीच शहर स्थित इस कंपनी ने जनवरी-मार्च, 2024 की तिमाही में 13.1 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 14.8 करोड़ रुपये रहा था। बीते पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का मुनाफा 82.8 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है।

## पेटीएम की पेरेंट कंपनी के सीओओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है। वह साल के अंत तक पेटीएम की विकास पहलों के लिए मार्गदर्शन देते हुए सलाहकार की भूमिका में आ जाएंगे।

## ट्रेडमार्क पर विवाद को लेकर टेस्ला गुरुग्राम की कंपनी के खिलाफ कोर्ट पहुंची





**नई दिल्ली ।**

इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला इंक ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एलन मस्क की कंपनी ने गुरुग्राम बेस्ड कंपनी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह मामला ट्रेडमार्क के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है जिस कंपनी के खिलाफ टेस्ला इंक हाई कोर्ट पहुंची है, उसका नाम टेस्ला पावर इंडिया है। टेस्ला इंक ने हाई कोर्ट से मांग की है कि वह टेस्ला पावर इंडिया को ट्रेडमार्क टेस्ला का इस्तेमाल करने से रोके। टेस्ला इंक की ओर से कोर्ट में पेश हुए एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि ट्रेडमार्क के गलत इस्तेमाल से अमेरिकी कंपनी की प्रतिष्ठा पर आंच आ रही है और उसके व्यावसायिक हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम के इस्तेमाल से ग्राहकों को भी भ्रम हो रहा है। टेस्ला पावर की बैटरी के खिलाफ आने वाली शिकायतें अमेरिकी कंपनी ईवी मेकर टेस्ला इंक को रिडाइरेक्ट कर दी जा रही हैं, क्योंकि ग्राहक उसे एलन मस्क की कंपनी से जुड़ा हुआ मान ले रहे हैं। अधिवक्ता का आरोप है कि गुरुग्राम बेस्ड कंपनी टेस्ला पावर अपनी बैटरियों का अखबारों में विज्ञापन दे रही है, जिनमें वह खुद को एक इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी के रूप में दिखा रही है। इतना ही नहीं, बल्कि गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर अमेरिकी कंपनी के लोगो का भी इस्तेमाल कर रही है। अमेरिकी कंपनी की याचिका के बाद कोर्ट ने गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक टेस्ला पावर को टेस्ला इंक से मिलता-जुलता ट्रेडमार्क उपयोग करने और ईवी प्रोडक्ट के साथ विज्ञापन देने से रोक दिया है। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होने वाली है।

# प्याज निर्यात से रोक हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली गईः सूत्र

### - प्रतिबंध हटने से खुदरा बाजार में कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली है। सरकारी सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्तों के तहत प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति ली है। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया था। इस फैसले से बड़ी संख्या में किसानों को मदद मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जबकि महाराष्ट्र सहित कई प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। सरकार ने 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) के साथ ही 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया है। इस शुल्क को देखते हुए 770 डॉलर प्रति टन या 64 रुपये प्रति किलोग्राम से कम भाव पर प्याज निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का निर्णय उपभोक्ता मामलों के विभाग की सिफारिश पर लिया गया है। विभाग देश में प्याज की उपलब्धता और कीमत की स्थिति पर नजर रखता है। पिछले साल आठ दिसंबर को केंद्र ने उत्पादन में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। पिछले 4-5 साल के दौरान देश से सालाना 17 लाख से 25 लाख टन प्याज का निर्यात हुआ है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि प्रतिबंध हटने से खुदरा बाजार में कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कीमतें स्थिर रहेंगी। अगर कोई बढ़ोतरी होती है, तो यह बहुत मामूली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं और किसानों दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में एक सप्ताह में भारी गिरावट

### - बैंक ने एक दिन में गंवाए 40,000 करोड़

**नई दिल्ली ।**

कोटक महिंद्रा बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बाद इसके शेयरों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। 25 अप्रैल को कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 10 फीसदी से ज्यादा गिर गए। इस वजह से महज एक दिन में बैंक का बाजार पूंजीकरण 40,000 करोड़ रुपये घट गया। बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक वित्तीय प्रभाव की तुलना में हमारी प्रतिष्ठा पर पड़ने प्रभाव को लेकर अधिक चिंतित है। इस पूरे प्रकरण के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों की जोरदार पिटाई हुई। महज एक सप्ताह में बैंक के शेयर 13 फीसदी से ज्यादा गिर गए हैं। इससे बैंक ने बाजार में अपना मार्केट शेयर खोया है। कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई का बैंक की फ्रेंचाइजी और प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ा। हमारे क्रेडिट कार्ड और 811 बिजनेस पर असर पड़ेगा। कोटक महिंद्रा बैंक ने 4 मई को तिमाही नतीजे पेश करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही।

दरअसल 24 अप्रैल को आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी थी। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने कोटक बैंक को नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी मना कर दिया था। दरअसल आरबीआई ने पिछले दो वर्षों में बैंक की आईटी सिस्टम में कमियां पाई, लेकिन बैंक रिजर्व बैंक की इन चिंताओं को दूर करने में लगातार विफल रहा है। इसके बाद आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

# बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन के भाव तेज रहे

### - बाकी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए



**नई दिल्ली ।**

किसानों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम भाव पर बिकवाली से बचने की वजह बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के भाव मजबूत बंद हुए। विदेशी बाजारों में दाम टूटने के कारण बाकी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार ने कहा कि विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले के 930-935 डॉलर प्रति टन से घटकर 910-915 डॉलर प्रति टन रह गया है, जो पिछले कई साल का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट का असर यहां अधिकांश तेल-तिलहनों पर हुआ और उनके दाम कमजोर हो गये। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 90 रुपये के सुधार के साथ 5,350-5,390 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 50 रुपये बढ़कर 10,125 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,730-1,830 रुपये और 1,730-1,845 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव भी क्रमशः 100-100 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,850-4,870 रुपये प्रति क्विंटल और 4,650-4,690 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।लेकिन इसके उलट सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 275 रुपये, 200 रुपये और 255 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 9,750 रुपये और 9,525 रुपये और 8,120 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही। मूंगफली तिलहन का दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,050-6,325 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 200 रुपये और 35 रुपये की हानि के साथ क्रमशः 14,525 रुपये क्विंटल और 2,200-2,465 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 175 रुपये की गिरावट के साथ 8,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये की गिरावट के साथ 9,750 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 8,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।गिरावट के आम रुख के अनुरूप बिनौला 100 रुपये की गिरावट के साथ 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## देश में बीते वित्त वर्ष में 1.85 लाख नई कंपनियों का पंजीकरण हुआ

### - इस साल मार्च में लगभग 16,600 कंपनियों की स्थापना की गईं

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का पंजीकरण किया गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में पंजीकृत कंपनियों से कहीं अधिक है। इस साल मार्च में लगभग 16,600 कंपनियों की स्थापना की गईं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में 18,132.16 करोड़ रुपये की सामूहिक चुकता पूंजी के साथ 1,59,524 कंपनियां पंजीकृत हुई थीं। मार्च, 2024 के आखिरी में देश में कुल 26,63,016 कंपनियां थीं और इनमें से 16,91,495 या 64 प्रतिशत कंपनियां सक्रिय थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि इनमें से कम से कम 9,31,644 पंजीकृत कंपनियां बंद हो गईं, 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां परिसमापन के तहत थीं। कुल 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाने की प्रक्रिया जारी थी। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के मार्च के बुलेटिन के अनुसार, 2023-24 में कुल 30,927.40 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी वाली 1,85,312 कंपनियां पंजीकृत की गईं। इनमें से 71 प्रतिशत कंपनियां सेवा क्षेत्र की थीं। इसके बाद 23 प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्र की और छह प्रतिशत कृषि क्षेत्र से संबंधित थीं।

# आचार संहिता सिराएक कर बाद सरकार कर सामने आपन मांग राखबयं पंचायत सहायक

**पलामू।** पंचायत सहायकमन कर बैठकी मेदिनीनगर कर जेलहाता इस्थित शांति पैलेस होटल कर बैंकेट हॉल में एतवार के होलक। इकर में बतौर मुध गोतिया पंचायत सचिवालय सहायक संघ कर प्रदेस अध्यछ चंद्रदीप कुमार, सचिव युगल किशोर, पलामू ज़िला अध्यछ अजीत चौधरी, लातेहार जिला अध्यछ, गढ़वा ज़िला अध्यछ सचिव दिलीप कुमार सहित पलामू ज़िला कर सउब परखंडमन से बेसी से बेसी संख्या में पंचायत सचिवालय सहायक सामिल होलयं। प्रदेस अध्यछ चंद्रदीप कुमार कहलयं कि 253 दिन कर आंदोलन कर बाद पंचायत सहायक नाव मिललक आउर 2500 रुपया हर महिना प्रोत्साहन रासि कर घोसना सरकार द्वारा करल जाए हे। आचार संहिता लइग जाएक से कतई काम रुइक जाए हे। आचार संहिता सिराएक कर बाद पंचायत सहायकमन कर कई मांग के सरकार कर सामने राखल जाई। अगर मांग उपरे सहानुभूतिपूर्वक बिचार नी करल गेलक तो राजभवन कर सामने एक धांव फिर से धरना परदरसन सुरू करल जाई।



ज़िला अस्तरीय पंचायत सचिवालय सहायक कमेटी कर पुनर्गठन करते रामनिवास तिवारी के पलामू जिला कमेटी कर अध्यछ, दिलीप कुमार के सचिव आउर गोपाल चौधरी के कोसाध्यछ बनाल गेलक। प्रदेस कमेटी कर सदस्यमन नव निर्वाचित कमेटी के बधाई देते उनकर से प्रदेस कमेटी कर संगे सामंजस्य बनाए के चलाएक कर बात कहलयं। मौका में पंचायत सचिवालय सहायक संघ अध्यछ चंद्रदीप कुमार, प्रदेस सचिव युगल किशोर, लातेहार जिला अध्यछ मंटू कुमार, गढ़वा ज़िला अध्यछ लवकुश प्रजापति, गढ़वा ज़िला उपाध्यछ विवेकानंद चौबे, पाटन परखंड अध्यछ राम निवास तिवारी, हैदर नगर परखंड अध्यछ गोपाल प्रजापति, हुसैनाबाद परखंड अध्यछ राहुल कुमार सिंह, मोहम्मदगंज परखंड अध्यछ राजू कुमार, पांडू परखंड अध्यछ पंकज पांडे, पंडवा परखंड अध्यछ दिलीप कुमार, पिपरा परखंड अध्यछ धीरज कुमार, सतबरवा परखंड अध्यछ बबलू कुमार, नीलांबर पीतांबर परखंड अध्यछ पंकज शुक्ला, पीएसएस भूपेंद्र कुमार, कृष्णा यादव, सुजाता कुमारी, इन्दु कुमारी, पंकज पाण्डेय, प्रीति कुमारी, अंजू कुमारी, उषा कुमारी, सविता देवी, शिवाकांत तिवारी, राजू रंजन तिवारी, कमलेश पांडे संगे सैकड़ों पंचायत सचिवालय सहायक आउर सहायिका मौजूद रहयं।

# स्वीप कार्जक्रम कर अंतर्गत एलेक्सन फूड फेस्टिवल कर होलक आयोजन



- सउब फूड स्टॉल में 13 मई के मतदान करेक कर लागल रहे स्टीकर



**पलामू।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 कर अंतर्गत जिला में सत-प्रतिसत मतदान करुवाएक कर उद्देस से जिला में कई तरह कर स्वीप गतिबिधि कर संचालन करल जात हे। एहे पांइत में स्थानीय शिवाजी मैदान में भव्य इलेक्सन फ़ूड फेस्टिवल कर आयोजन करल गेलक। कार्जक्रम में जिला प्रसासन कर दन से उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप कर नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा आउर जेएसएलपीएस डीपीएम शांति मार्डी उपस्थित रहयं।

शिवाजी मैदान कर दुईयों दने अलग-अलग प्रकार कर कुल 34 गो बिभिन्न ब्यंजनमन कर फ़ूड स्टॉल लगाल जाय रहे। सउब स्टॉल से मतदाता जागरूकता कर संदेस देल जात रहे। सउब पदाधिकारीमन भी बिभिन्न स्टॉल पहुंइच के बिभिन्न ब्यंजन कर स्वाद लेलयं। ई दौरान बड़ संख्या में आगंतुक भी पहुंचत रहयं। आगंतुकमन के वीएचए एप कर जरिये फ्री में एंट्री कराल गेलक।

शिवाजी मैदान में दू ठो बड़ स्क्रीन भी लगाल जाय रहे, जेकर में एक ठो में स्क्रीन में आईपीएल तो दूसर में मतदाता जागरुकता से संबंधित बिडियो कर प्रसारन करल जात रहे। इलेक्सन आधारित ई फ़ूड फेस्टिवल में बिभिन्न इस्कूली छउवामन कर बीच क्विज, स्पीच आउर नुक्कड़ नाटक कर भी आयोजन करल गेलक। इकर में पहिल दुसर आउर तीसर अस्थान में रहेक वाला छउवामन के पुरस्कृत भी करल गेलक। ई अवसर में मौका में आवाल सउब अदमीमन से जिला प्रसासन कर पदाधिकारीमन एक सुर में 13 आउर 20 मई के मतदान करेक कर अपील करलयं।




## दिव्यांगमन निकलालयं मतदाता जागरूकता रैली

**पलामू।** स्वीप कार्जक्रम कर अंतर्गत एतवार के दिव्यांगमन कर संगठन कर दन से सहर कर छः मुहान से समाहरणालय परिसर तक मतदाता जागरुकता रैली निकालाल गेलक। इकर में बड़ संख्या में जिला कर बिभिन्न दिव्यांगजन सामिल होलयं। रैली के छःमुहान से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हरा झंडी देखाए के रवाना करलयं।रैली में सामिल सउब दिव्यांगमन मतदाता जागरूकता से संबंधित बिभिन्न नारा के बुलंद करलयं आउर अदमीमन से 13 मई के मतदान करेक कर अपील करलयं ई दौरान आम अदमीमन कर बीच स्वीप पम्पलेट कर भी बितरन करल गेलक। रैली कर बाद समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्यान पदाधिकारी सेवाराम साहू सउब के मतदान ले सपथ दिलवालयं।

## समर्पण शाखा कर कार्यकारिनी बैठकी कार्जक्रम कर आयोजन उपरे होलक चर्चा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा कर दूसर कार्यकारिनी बैठकी नवनिर्वाचित अध्यछ श्रीमती विनीता सिंघानिया कर अध्यछता में 4 मई के हरमू रोड कर होटल माइस में होलक।मीटिंग में पिछला बैठकी कर कार्यवाही सभा पटल में राखल गेलक। उकर बाद सचिव अप्रैल माह कर प्रतिबेदन पेस करलयं। साखा अध्यछ सउब प्रभारीमन कर अच्छा काम कर प्रसंसा करलयं। सउब दानदातामन कर धन्यवाद देलयं।

बैठकी में मई महिना में होवेक वाला कार्जक्रममन उपरे चर्चा करल गेलक। इकर में बिसेस रूप से मदर्स डे, रक्तदान सिबिर, स्वस्थ्य जांच सिबिर, स्थायी अमृतधारा, मंडलीय सभा में उपस्थिति, सावन मेला कर आयोजन जइसन कतई कार्जक्रममन उपरे चर्चा होलक। कोसाध्यछ दीपिका टेकरेवाल आपन रिपोर्ट पेस करलयं।बैठकी में आवल साखा कर सउब पूर्व अध्यछ आउर कार्यकारिनी सदस्यमन के उनकर नाव कर बैच पिंधाल गेलक। सचिव शुभा अग्रवाल धन्यवाद करलयं। बैठकी में साखा कर पूर्व अध्यछ आउर कार्यकारिनी टीम बइढ़-चइढ़ के हिस्सा लेलयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।






# रेलवे इस्टेसन से एक गो महिला कर संगे तीनझन गिरफ्तार

- 11 लाख कर ब्राउन सुगर होलक बरामद

**रांची।** रांची रेलवे इस्टेसन से एक गो महिला कर संगे तीनझन के गिरफ्तार करल गेलक। उनकर ठीन से ब्राउन सुगर भी बरामद करल गेलक। गुप्त सूचना कर आधार में ई कार्रवाई करल गेलक।4 मई, 2024 के सूचना मिइल रहे कि रेल परिसर में ब्राउन सुगर कर ख़रीद फ़रोख़्त होए सकेला। इकर तुरंत सूचना पोस्ट कमांडर (रांची) दिगंजय शर्मा रांची कर सहायक सुरछा आयुक्त अशोक कुमार सिंह के देलयं। संगे–संगे, इकर सूचना स्थानीय थाना चुटिया के भी देल गेलक। बिना देरी करले कार्रवाई करते सहायक सुरछा आयुक्त कर निरदेस में टीम कर गठन कइर के रेल परिसर में सघन जांच अभियान सुरू कइर देवल गेलक। जांच कर दौरान गठित टीम तीन गो तस्करमन के गिरफ़्तार करलयं। इकर में एक गो महिला भी सामिल रहयं। उनकर ठीन से 55.65 ग्राम ब्राउन सुगर बारामद होलक। इकर अनुमानित मूल्य 11 लाख 13 हज़ार रुपया आंकल गेलक।

# संत जेवियर्स कॉलेज में बिद्यार्थीमन के करियर के लेइ के देल गेलक जानकारी

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में बिद्यार्थीमन ले एक दिवसीय संवाद सत्र कर आयोजन करल गेलक। इकर में प्रबंधन कोर्स के करियर कर रूप में चुनेक के लेइ के उनके जानकारी देल गेलक। कॉलेज कर आईक्यूएसी आउर एनएसएस यूनिट कॉलेज सभागार में कार्जक्रम कर आयोजन कइर रहयं।कार्जक्रम कर मुध वक्ता करियर लांचर कर झारखंड प्रमुख संतोष कुमार रहयं। सत्र कर दौरान ऊ छात्रमन के करियर में आगे कर बेहतर भविस कर सुझाव देलयं। प्रबंधन कोर्स सम्बन्धी कुछ दिसा निरदेस कर भी उल्लेख करलयं।

ऊ छात्रमन के बतालयं कि बिना मार्गदरसन कर करियर उत्थान में कुछो कठिनाईमन कर सामना करेक पड़ेला। सेले बिद्यार्थीमन के मार्गदरसन आउर आपन रूचि बिसय के केन्द्र में रइख के ऊ दिसा में आगे बढ़ेक चाही।सत्र कर उद्घाटन करते कॉलेज कर एनएसएस संयोजक डॉ. अनिर्बान गुप्ता छात्रमन के प्रेरित करलयं। कहलयं कि




आपने ऊ पड़ाव में ही, जहां आपने के करियर संम्बन्धी जानकारी लेवेक जरुरी हयं, तभे सफल होए सकीला। छात्रमन भी बतालयं कि करियर उत्थान ले कॉलेज में अइसन आयोजन कर होवेक हितकारी आउर प्रेरक कदम हेके।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com